seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

जो मेहनत से नहीं डरता, वही असली विजेता बनता है।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 321 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 08 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, बुधवार, 25 नवम्बर 2026

वैभव सूर्यवंशी ने ऐतिहासिक दोहरा शतक... 11 >



न्यूज इन ब्रीफ

सपा का कांग्रेस को 26 सीटों का प्रस्ताव

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच दूसरे दौर की बातचीत हुई। सपा ने कांग्रेस को 26 सीटों का प्रस्ताव दिया है। कांग्रेस नेताओं ने बातचीत सकारात्मक बताते हुए कहा कि आधे से अधिक सीटों पर सहमति बन चुकी है। जल्द सीट बंटवारा अंतिम होगा।

अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

फाजिल्का। थाना खुईयां सरवर पुलिस ने 1 किलो 400 ग्राम अफीम समेत राजस्थान के युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर की दोपहर गांव गुमजाल में गश्त के दौरान संदिग्ध युवक के बैग से अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान जोधपुर के बिलाड़ा क्षेत्र निवासी हाजी मोहम्मद के रूप में हुई है। पुलिस ने ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गंगा में स्नान के दौरान चार डूबे

बिजनौर। नांगल सोती गंगा घाट पर स्नान करते समय नजीबाबाद के रम्पुरा निवासी परिवार के चार सदस्य गंगा में डूब गए। लोगों ने 12 वर्षीय दिव्यानी को बचा लिया, जबकि डॉली (22), सूरज (17) और हर्षित (16) की गोताखोरों से तलाश जारी है।

8 लाख की भैंस आकर्षण का केंद्र

फरुर्खाबाद के ढाई घाट स्थित कार्तिक पूर्णिमा पशु मेले में मथुरा के व्यापारी बिल्लू खान की आठ लाख रुपये की भैंस सबका ध्यान खींच रही है। छोटे सींग और शांत स्वभाव वाली यह भैंस कम चारा खाकर रोजाना लगभग 25 लीटर दूध देने की क्षमता रखती है। हालांकि, इसे देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है, लेकिन अभी तक कोई खरीदार नहीं मिला है।

पूर्व सांसद को 3 साल की सजा

लखनऊ। विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने मंगलवार को पूर्व राज्यसभा सदस्य और व्यापारी नेता बनवारी लाल कंछल, हुकुमचंद अग्रवाल और देशराज अग्रवाल को 3-3 साल के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश उमाकांत जिंदल ने प्रत्येक दोषी पर 36-36 हजार का जुर्माना भी लगाया। यह मामला 12 अगस्त 1998 का है, जब हजरतगंज स्थित व्यापार कर भवन में घुसकर अधिकारियों से मारपीट व आगजनी की गई थी। दोषी ठहराए जाने के बाद से तीनों न्यायिक अभिरक्षा में हैं।

ट्रक-ओमनी वैन की भिड़ंत, 4 मरे

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में लखीमपुर-शारदानगर मार्ग पर खम्भारखेड़ा स्थित बजाज चीनी मिल के पास एक खाली ट्रक और मारुति ओमनी वैन की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। वैन में कुल दस लोग सवार थे। हादसे में पप्पू, जगन्नाथ, अजय और बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

70 लाख का गांजा जब्त, तीन पकड़े

मथुरा। एएनटीएफ आगरा जोन और मांट पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे पर मांट टोल प्लाजा के पास दो कारों से 134 किलोग्राम गांजा बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अनिल कुमार, सचिन और सोमेश राजमुंदरी से यह खेप लेकर दिल्ली जा रहे थे। एक कार से आगे पायलटिंग की जा रही थी, जबकि दूसरी कार में 67 पैकेटों में गांजा रखा था। पुलिस ने नकदी, मोबाइल व डेबिट कार्ड भी जब्त किए हैं।

सीट बंटवारा बाद में; सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और सीएम का पद अकाली दल के पास रहेगा

शिरोमणि अकाली दल की राजग में हुई वापसी, पंजाब में भाजपा के साथ मिलकर लड़ेगा चुनाव

वार्ता # नई दिल्ली।

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) छह वर्ष के अंतराल के बाद मंगलवार को पुनः भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया। दोनों दलों ने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की आधिकारिक घोषणा की है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उल्लेखनीय है कि अकाली दल ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के विरोध में सितंबर 2020 में भाजपा से अपना 24 साल पुराना नाता तोड़ लिया था और हरसिमरत कौर ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, बाद में केंद्र सरकार ने उन कानूनों को निरस्त कर दिया था।

सबसे पुराने साथी की वापसी आनंद का विषय: केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजग में अकाली दल का स्वागत करते हुए कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर हमारे सबसे पुराने साथी का पुनः साथ आना अत्यंत आनंद का विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों दल पंजाब विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे और सीटों के बंटवारे पर बातचीत बाद में की जाएगी।

शाह ने कहा कि बीजेपी और अकाली दल दोनों ने पंजाब विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का फैसला किया है, और अकाली दल आज से ही एनडीए में भी शामिल हो गया है. यह बहुत खुशी का मौका है कि गुरु पर्व के दिन, हमारे सबसे पुराने सहयोगियों में से एक, अकाली दल की एनडीए में वापसी हो रही है.शाह ने आगे कहा कि जब हमने प्रधानमंत्री से एनडीए के विस्तार के बारे में बात की, तो उन्होंने सुखबीर बादल को फोन किया और कहा कि अब एनडीए पूरा हो गया है।



नशा मुक्त और विकसित पंजाब का संकल्प: भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने इसे एक स्वाभाविक गठबंधन करार देते हुए कहा कि प्रकाश पर्व पर पंजाब में विकास, न्याय और सुशासन का नया प्रकाश फैलेगा। उन्होंने हिंदू-सिख एकता के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए वर्ष 1675 में कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान और महाराजा रणजीत सिंह के सुशासन का स्मरण किया। उन्होंने संकल्प दोहराया कि दोनों दल मिलकर पंजाब को नशा मुक्त बनाने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और एक विकसित पंजाब के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होकर काम करेंगे।

पंजाब की समृद्धि को समर्पित गठबंधनः बादल

सुखबीर सिंह बादल ने इस फैसले को महज राजनीतिक समझौता नहीं, बल्कि पंजाब के हित में बना एक भावनात्मक गठबंधन बताया। उन्होंने कहा कि 106 वर्षों के गौरवशाली इतिहास के साथ अकाली दल देश की सबसे पुरानी पार्टियों में से एक है, जिसका स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पंजाब के कल्याण तक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बादल ने जोर देकर कहा कि पंजाब एक सीमावर्ती और संवेदनशील राज्य है, जहां अमन-चैन और आपसी भाईचारा बनाए रखना सर्वोपरि है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय से पंजाब के किसानों, व्यापारियों और आम जनता की लंबे समय से लंबित समस्याओं का ठोस समाधान निकलेगा और यह गठबंधन राज्य की सुख-शांति, समृद्धि और विकास को समर्पित रहेगा।

पंजाब का कल्याण सबसे ऊपर : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी का स्वागत करते हुए इस साझेदारी को पंजाब के हित में बताया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर अकाली दल के राजग परिवार में पुनः शामिल होने से उन्हें अत्यंत खुशी हुई है। मोदी के अनुसार, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल की यह साझेदारी एक स्वाभाविक गठबंधन है, जो पंजाब और वहां के लोगों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा। अपने संदेश में गठबंधन के पुराने दौर का स्मरण करते हुए पीएम मोदी ने कहा, पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी, वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल द्वारा संवारा गया यह गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी एक बार फिर पंजाब की जनता की पहली पसंद बनकर उभरेगी।

आज राजस्थान में चुने जाएंगे 37 जिला प्रमुख

कहीं बहुमत का दम, तो कहीं जोड़तोड़ का खेल



जयपुर। पंचायतीराज चुनाव के नतीजों के बाद अब प्रदेश की 37 जिला परिषदों में 25 नवंबर को जिला प्रमुख के चुनाव होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 10 बजे बैठक के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मतदान के पश्चात परिणाम घोषित किए जाएंगे। शेष चार जिलों–कोटा, बारां, करौली और श्रीगंगानगर में यह प्रक्रिया दिसंबर में पूरी होगी। सियासी समीकरणों की बात करें तो 37 में से कांग्रेस को 23, भाजपा को 5 और नागौर में आरएलपी को स्पष्ट बहुमत मिला है। वहीं, बालोतरा, बांसवाड़ा, डीडवाना-कुचामन, डीग, डूंगरपुर, खैरथल-तिजारा, प्रतापगढ़ और सलूंबर सहित 8 जिलों में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिलने से निर्दलीय सदस्य निर्णायक भूमिका में आ गए हैं। चूंकि इन चुनावों में दलबदल विरोधी कानून और पार्टी व्हिप लागू नहीं होता, इसलिए क्रॉस वोटिंग के डर से भाजपा और कांग्रेस ने अपने सदस्यों की बाड़ेबंदी कर दी है और प्रत्याशियों के नाम अंतिम समय तक गोपनीय रखे हैं। इस चुनाव में चूरू जिला परिषद पर सबकी निगाहें टिकी हैं, जहां वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ की पुत्रवधू कनिका सिंह की दावेदारी के चलते राठौड़ की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

2028 में दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनायेंगेः डोटासरा

जयपुर। पंचायती राज चुनावों में भाजपा पर साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक मतों की बढ़त हासिल करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जीत का श्रेय पार्टी की एकजुटता को दिया है। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी शुरू हो चुकी है और 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। डोटासरा ने सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी, बदहाल स्वास्थ्य-शिक्षा व्यवस्था और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी, यमुना जल और पंचायती राज के 3000 करोड़ रुपए लैप्स होने पर मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर लगाए 'हॉर्स ट्रेडिंग' के आरोप

सीमा सन्देश # जयपुर।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पष्ट किया है कि पार्टी राज्य के सभी 37 जिलों में जिला प्रमुख का चुनाव अपने बलबूते पर लड़ेगी। राठौड़ ने कहा कि बीजेपी कोई भी स्थान खाली नहीं छोड़ेगी और हर परिस्थिति का मुकाबला करते हुए चुनाव लड़ेगी।

चुनाव परिणामों में हार की समीक्षा और जिला प्रभारियों पर कार्रवाई के सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा कि जिम्मेदारी से वे स्वयं भी बचे हुए नहीं हैं और समीक्षा के बाद सभी संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। सत्ता और संगठन में संभावित फेरबदल को लेकर उन्होंने कहा कि एक सैनिक की तरह उनका काम दिए गए मोर्चे पर दायित्व निभाना है, जबकि यह निर्णय सेनापति का होता है



कि किसे किस मोर्चे पर भेजना है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा लगाए गए जिला परिषद सदस्यों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर पलटवार करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि बीजेपी ने हमेशा जनादेश को स्वीकार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अशोक गहलोत का इतिहास हॉर्स ट्रेडिंग का रहा है। राठौड़ के अनुसार, अल्पमत में होने के बावजूद गहलोत ने बसपा और निर्दलीय विधायकों को अपने पाले में किया था और राजनीतिक संकट के समय विधायकों की बाड़ेबंदी की थी। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर ईवीएम और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब कांग्रेस हारती है तो ईवीएम पर सवाल उठाती है, लेकिन चुनाव जीतने पर उसी ईवीएम को सही मान लेती है।

बीकानेर जिला प्रमुख पद के लिए कांग्रेस में दावेदारी तेज

पर्यवेक्षक कुलदीप इंदौरा ने कहा— अभी किसी नाम पर अंतिम मुहर नहीं

सीमा सन्देश # बीकानेर।

जिला परिषद चुनाव में कुल 41 में से 30 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल करने के बाद, कांग्रेस के भीतर जिला प्रमुख के चयन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

इस पद के लिए पार्टी के दो प्रमुख राजनीतिक परिवारों की ओर से दावेदारी सामने आई है। एक ओर पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल अपनी पुत्री सरिता चौहान के लिए प्रयासरत हैं, तो दूसरी ओर पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी की पुत्रवधू निकिता डूडी का नाम आगे किया जा रहा है।

दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनाने के लिए पार्टी आलाकमान ने गंगानगर सांसद कुलदीप इंदौरा को पर्यवेक्षक नियुक्त कर बीकानेर भेजा है।

मंगलवार को बीकानेर पहुंचे सांसद कुलदीप इंदौरा ने पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल और नोखा विधायक सुशीला डूडी सहित अन्य नेताओं से मुलाकात की। पर्यवेक्षक इंदौरा ने स्पष्ट किया कि जिला प्रमुख के पद के लिए अभी तक किसी भी नाम को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। उन्होंने सिंबल के साथ नाम तय कर भेजे जाने जैसी चर्चाओं को भी निराधार बताया।

कुलदीप इंदौरा के अनुसार, गोविन्दराम मेघवाल और सुशीला डूडी दोनों ही वरिष्ठ नेता हैं और सभी को विश्वास में लेकर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि वरिष्ठ नेताओं से संवाद के बाद अब सभी निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों से वन-टू-वन (व्यक्तिगत) बातचीत की जाएगी। सदस्यों की राय और पसंद जानने के बाद ही पार्टी नेतृत्व की ओर से जिला प्रमुख के नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी

अलवर। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को अलवर में मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री ही नहीं, पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया जाए, तब भी जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी। उन्होंने पंचायत चुनाव में हार के बाद सीएम बदलने की चर्चाओं को ध्यान भटकाने की कोशिश बताया और कहा कि अब प्रदेश में राज ही बदलेगा।

जूली ने आरोप लगाया कि सत्ता और संगठन हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ रहे हैं।



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली पर्व शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धा उल्लास के साथ मनाया गया। प्राचीन शिवालय बाबा शुक्रनाथ जी बगीची में श्रद्धालुओं के द्वारा दीप जलाये गये।

चुनौतियों के बावजूद गुरु नानकदेव जी रहे अपने लक्ष्य और समाज के कल्याण के प्रति समर्पितः सीएम

सीमा सन्देश # जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का जीवन हमें सिखाता है कि विषम परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद एक सच्चे सेवक को बिना घबराए अपने लक्ष्य और समाज कल्याण के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर राजापार्क स्थित गुरुद्वारे में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब को नमन कर मत्था टेका और प्रदेशवासियों से गुरु नानक देव के प्रेम, सेवा, समानता व मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

शर्मा ने कहा कि गुरु नानक देव ने हजारों मील की कठिन यात्राओं के दौरान आई दुर्गम बाधाओं के बीच भी सत्य का बिगुल बजाया। उनके किरत करो, नाम जपो और वंड छको के संदेश से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए राजनीति सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है और लंगर प्रथा समानता व सेवा भावना का अनुपम उदाहरण है।



सिख गुरुओं के बलिदान का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर जी की शहादत और गुरु गोविंद सिंह जी की वीरता को नमन किया। उन्होंने करतारपुर कॉरिडोर खोलने तथा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की शुरूआत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णयों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार सिख समुदाय के कल्याण और धार्मिक स्थलों के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसके तहत जयपुर स्थित गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब व अनूपगढ़ स्थित बुड्ढा जोहड़ गुरुद्वारा में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विकास कार्य कराए जा रहे हैं, वहीं सिख विद्यार्थियों के छात्रावास के लिए भी भूमि आवंटित की जा चुकी है। कार्यक्रम में महापौर सुनील कोठारी, राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह और मुख्य ग्रंथी जगजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

एयरगन साफ करते समय चला ट्रिगर

नवनिर्वाचित सरपंच शैलू राजपुरोहित की मौत

नागौर। जिले के टुंकलिया गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में नवनिर्वाचित सरपंच शैलू राजपुरोहित की मौत हो गई। शैलू घर पर एयरगन की सफाई कर रही थीं, तभी अचानक ट्रिगर दब गया और निकला छर्रा सीधे उनके सीने में जा लगा। गंभीर रूप से घायल शैलू को परिजन उपचार के लिए जोधपुर लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पड़ोस में चल रहे शादी समारोह की खुशियां भी मातम में बदल गईं।

मेड़ता पुलिस उपाधीक्षक रामकरण मलिंडा ने बताया कि



पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि शैलू राजपुरोहित हाल ही में मेड़ता रोड-गोटन पंचायत समिति की टुंकलिया ग्राम पंचायत से 155 वोटों से सरपंच निर्वाचित हुई थीं।

अक्टूबर माह में हीरो की पांच बाइकों का जलवा

बिक्री में 23 प्रतिशत की सालाना वृद्धि, दोपहिया बाजार में हीरो का दबदबा कायम



नई दिल्ली। भारतीय दोपहिया बाजार में हीरो मोटोकॉर्प की बाइकों की लोकप्रियता अक्टूबर 2026 में भी बरकरार रही। कंपनी की पांच बाइक सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडलों की सूची में शामिल रहीं। इनमें हीरो स्प्लेंडर ने एक बार फिर बिक्री के मामले में पहला स्थान हासिल किया। वहीं एचएफ डीलक्स दूसरे, ग्लैमर तीसरे, पैशन चौथे और एक्सट्रीम 125आर पांचवें स्थान पर रही। अक्टूबर 2026 में हीरो स्प्लेंडर की कुल 3.94 लाख इकाइयां बिकीं, जबकि पिछले साल इसी महीने में 3.22 लाख इकाइयों की बिक्री हुई थी। इस तरह इसकी बिक्री में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्राहकों की पसंद बनी

किफायती कीमत, बेहतर माइलेज और कम रखरखाव खर्च के चलते यह बाइक शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्राहकों की पसंद बनी हुई है। दूसरे स्थान पर रही हीरो एचएफ डीलक्स की 1.09 लाख इकाइयां बिकीं। वहीं हीरो ग्लैमर की 26,581 इकाइयां बिकीं। चौथे स्थान पर रही हीरो पैशन की 21,852 इकाइयों की बिक्री हुई। वहीं आकर्षक लुक के लिए युवाओं में लोकप्रिय हीरो एक्सट्रीम 125आर की 21,667 इकाइयां बिकीं। इनके अलावा सुपर स्प्लेंडर की 20,763 इकाइयां बिकीं, जिसमें 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एक्सपल्स 200 की 5,025 इकाइयों की बिक्री के साथ 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरी ओर एक्सट्रीम की 1,785 और एक्सट्रीम 250आर की 262 इकाइयां बिकीं। कुल मिलाकर अक्टूबर में स्प्लेंडर ने कंपनी की बिक्री को मजबूती दी।

गंगनहर का वरीयताक्रम

25 नवम्बर 2026, बुधवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एलएनपी	527 (8)	18 नवम्बर सायं 3 बजे	26 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एमके	625 (8)	18 नवम्बर रात्रि 9 बजे	26 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	656 (7)	19 नवम्बर दोपहर 12 बजे	26 नवम्बर रात्रि 9 बजे
बीबी	854 (7)	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे	27 नवम्बर दोपहर 12 बजे
जैड	1009 (6)	20 नवम्बर सायं 3 बजे	27 नवम्बर रात्रि 12 बजे
डी-भागसर	1027 (5)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	1068 (5)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एच	1375 (2)	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे	02 नवम्बर प्रातः 3 बजे
पीएस	1535 (2)	24 नवम्बर सायं 3 बजे	02 नवम्बर प्रातः 6 बजे
समेजा	1737		
आरबी	2007		
एचएच	2042		
रिड़मलसर	2053		
फार्म	2114		
एमएल	2174		
एमएलए	2215		
हिरणावाली	2237		
नेतेवाला	2258		
जीजी	2459		
एफ	2962		24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
ईईए	3022		21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
केके	3035		20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
करणीजी	3365		19 नवम्बर रात्रि 9 बजे

नोट : गंगनहर में मंगलवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1539 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7481	साहवा	121
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	2550
एनडी	निल	कंवरसैन	540
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	3640
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 24.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1629.69
पानी की आवक - 7255 क्यूसेक, निकासी- 9643 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1348.65
पानी की आवक- 2607 क्यू., निकासी- 10076 क्यू., बीकानेर - 1998

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

संगरिया	16	अमरपुरा	1317
भगतपुरा	54	मोरजण्डा	1527
सूरतगढ़	259	रतनपुरा	1538
नगराना	267	नाथवाना	1566
लीलांवाली	515	प्रतापपुरा	1671
भाखरांवाली	565	हरिपुरा	1684
करनीसिंह	920	दीनगढ़	1697
मम्मड़खेड़ा	1115	सूरतपुरा	1706
जोड़कियां	1200	मोडिया	1866
नवां-सतीपुरा	1211	लोंगवाला	2001
रोड़ांवाली	1224	पीलीबंगा	2216

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8086-7300 (आ. 226 क्विं.), ग्वार 7916-7300 (आ. 419 क्विं.), नरमा 9131-8350 (आ. 3019 क्विं.), सरसों 10007-9600 (आ. 159 क्विं.), कपास 9225-8485 (आ. 54 क्विं.), गेहूं 2736 (आ. 40 क्विं.), मक्का 2925-2800 (आ. 50 क्विं.), बाजरा 2700-2690 (आ. 19 क्विं.), **घड़साना:** मूंग 8480-7050, नरमा 9190-8800, ग्वार 7965-7450, सरसों 10225-9270, मूंगफली 7500-6500, कपास 8600, चना 7385, गेहूं 2765, **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2200-2830, सरसों 5500-1001, पीली सरसों 6200-10000, ग्वार 6500-7820, मूंग 5000-8100, नरमा 8000-9131, बाजरी 2000-2711, कपास 7000-9115, **जैतसर :** मूंग 7400-8462, ग्वार 7451-8060, गेहूं 2609-2750, नरमा 8700-9300, धान 3900-4145, नरमा 8870, **रायसिंहनगर:** सरसों 9401-10000, चना 9050, गेहूं 2491-2750, मूंग 6600-8476, नरमा 8500-9126, कपास 8501-8741, ग्वार 7726-7908, बाजरी 2830, **अनूपगढ़:** नरमा 9170-8800, चना 4701-1925, मूंग 8501-7000, ग्वार 7951-7300, सरसों 10121-9100, बाजरा 2820-2650, कपास 8700-6900, **श्रीबिजयनगर:** नरमा 9125-8905, ग्वार 7972-7861, मूंग 8351-8201, गेहूं 2746-2650, बाजरी 2691-2650, कपास 8750-8500, सरसों 9781-9712, धान 4431-1900

किरयाना

धनिया 19000-22000, हल्दी 23000-26000, जीरा 28000-31000, अजवाइन 22000-23000, सौंफ 18000-29000, मेथी 8700, खोपरा 1880, गट गोला 400 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1450, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1500, बेसन 9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5500, गुड़ पेड़ी 5200, गुड़ शिवलिंग 6800, गुड़ बर्फी 5500, चीनी महाराष्ट्र 5800-5900, चीनी एल 6100, चीनी एस 5900, चीनी गंगानगर -

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 205-210 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 210-215 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2450रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-165 रु., तेल रिफाइंड 145-155 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 520-660 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 10500-11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 610 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 710 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 710 रु. प्रति लीटर।



हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं: कपास 8700, नरमा 9000, बाजरा 2670, ग्वार 7851, मूंग 7700, धान पीआर 2276, धान मुछल 5025, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 9019, ग्वार 7870, **हनुमानगढ़ टाऊन :** कपास 8600, नरमा 9051, बाजरा 2625, ग्वार 7760, मूंग 7750, धान मुछल 5350, **रावतसर :** कपास 8461, नरमा 9100, गेहूं 2737, बाजरा 2695, ग्वार 7860, चना 6851, मूंग 8000, मोठ 9351, सरसों 10092, तिल 19800, अरण्डी 7200, मूंगफली 7851, **नोहर :** ग्वार 8024, मूंग 8150, मोठ 9796, सरसों 10561, तिल 2135, अरण्डी 7550, मूंगफली 6300, **भादरा:** गेहूं 2860, ग्वार 7951, सरसों 9500, **संगरिया :** नरमा 5900, गेहूं 2661, बाजरा 2615, ग्वार 7800, मूंग 7600, सरसों 10000, **गोलूवाला:** कपास 8500, नरमा 9000, गेहूं 2611, बाजरा 2740, ग्वार 8051, चना 6750, मूंग 8050, सरसों 9653, **पीलीबंगा :** कपास 8800, नरमा 9000, बाजरा 2631, ग्वार 7900, सरसों 9600



कम डाउन पेमेंट | ₹5999/-*

Hero GoodLife सोने का सिक्का जीतने का मौका*

pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक*

TOLL FREE 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. *The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

प्रकाशोत्सव : गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक दरबार में सुबह से देर रात तक सजे कीर्तन दीवान

सब ते वड्डा सतगुरु नानक जिन कल राखी मेरी... रात्रि तक बड़ी तादाद में संगत ने छका गुरु लंगर



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

'सच खंड वसै निरंकारू, करि करि बेसौ नदरि निहालि' भावार्थ जहां सत्य का राज है, वहां निरंकार ईश्वर स्वयं निवास करते हैं। 'कलि तारण गुरु नानक आया, तारे छिपे अंधेर परोआ...' व 'नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार...' जैसे गुरबाणी शबदों के साथ बुधवार को शहर के गुरुद्वारे शब्द कीर्तन से गूंजते रहे। हर धर्म के सांझे, मानवता की यह दिखाने वाले जगतगुरु साहिब श्री गुरुनानक देवजी के 557वें पावन प्रकाश पर्व पर भव्य दीवान सजाए गए। रंग-बिरंगी लाइटों से गुरुद्वारों को सजाया गया। सुबह अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके बाद धार्मिक दीवान सजाए गए। इस कड़ी में स्थानीय जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अलसुबह से ही संगतों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। गुरुद्वारा साहिब में पूरा दिन हजारों की तादाद में पंहुची संगत ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेकते हुए इलाके की समृद्धि व खुशहाली के लिए अरदास की।



गुरबाणी शब्द गायन प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान: गुरुद्वारा प्रधान गुरबचनसिंह वासन ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कीर्तन दरबार में गुरबाणी शबद गायन प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम विजेता बच्ची बिशमीत कौर को गोल्ड मेडल तथा द्वितीय स्थान पर रही अन्नूरीत कौर (गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल) को सिल्वर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार तीसरे स्थान पर रहे फ्लोराडेल पब्लिक स्कूल के भागवीर सिंह को भी सिल्वर मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। इनके अलावा सीनियर वर्ग में प्रथम विजेता रही कु. प्रभजोत कौर (सुरेन्द्रा डेंटल कालेज) को गोल्ड एवं द्वितीय विजेता कु. चेष्टा कटारिया व तृतीय स्थान पर एकनूर कौर (गुरुद्वारा मक्खन शाह लबाणा) को सिल्वर मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सभी विजेता प्रतिभागियों के अभिभावक एवं संगीत प्रशिक्षक अध्यापक मौजूद रहे।

सजा विशेष कीर्तन दरबार, अटूट लंगर बरताया: समागम के दौरान गुरुद्वारा परिसर के बाहर विभिन्न संस्थाओं सहित कई गुरु नानक नाम लेवा संगत की ओर से चाय, पकौड़े, बिस्कुट व टिक्की का प्रसाद वितरित किया गया। प्रकाशोत्सव के मौके पर सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया जिसमें श्री दरबार साहिब अमृतसर के हुजूरी रागी जत्था भाई गुरदेव सिंह वेरका एवं भाई सिमरनजीत सिंह ने संगत को कीर्तन के माध्यम से गुरु चरणों से जोड़ा। इनके अलावा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कथावाचक भाई अवतार सिंह एवं भाई प्रवीण सिंह ने भी गुरू साहिब के इतिहास से संगत को रू-ब-रू करवाया। रात्रि दीवान में भी हुजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह दीपक एवं स्त्री सत्संग सभा सहित श्री दरबार साहिब अमृतसर के रागी जत्थों एवं एसजीपीसी के कथावाचक ने संगत को निहाल किया। समागम के दौरान देर रात तक चले गुरु के अटूट लंगर में हजारों की संख्या में संगत ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब में रात को आतिशबाजी की गई।



पुरानी आबादी पुलिस ने दबोचे दो शातिर वाहन चोर, छह बाइक बरामद

श्रीगंगानगर

वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुरानी आबादी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 6 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने बताया कि 9 नवंबर को शालीमार बाग निवासी गुरमेज सिंह पुत्र हरबंस सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी के अनुसार, उन्होंने अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (घर के बाहर खड़ी की थी, जिसे दोपहर के समय अज्ञात चोर पार कर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल सूरजभान को सौंपी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हेड कांस्टेबल सूरजभान के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुख्ता सुराग हाथ लगने पर पुलिस ने दबिश देकर चक 4 ए छोटी, पदमपुर रोड निवासी गुरविन्द्र सिंह उर्फ गुरी (27) पुत्र जसवीर सिंह और गुरसेवक सिंह (24) पुत्र अनोख सिंह को धर दबोचा। सख्ती से हुई पूछताछ और निशानदेही पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की 6 बाइक बरामद कर लीं। पूरी कार्रवाई में हेड कांस्टेबल सूरजभान के साथ कांस्टेबल अंगद कुमार, दिनेश कुमार, राजवीर, मनीष कुमार और सुनील कुमार की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से शहर में हुई अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

डीईओ सीधी भर्ती, तबादलों और पीएल भुगतान को लेकर रेसटा ने बनाई रणनीति

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। राजस्थान शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) की प्रदेश कार्यकारिणी और सभी जिलाध्यक्षों की संयुक्त वर्चुअल बैठक प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष वनीत नारंग ने बताया कि बैठक में प्रदेशभर के शिक्षकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, लंबित सेवा प्रकरणों और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से मंथन किया गया। प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीणा ने बताया कि चर्चा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) के पदों पर सीधी भर्ती, शिक्षा विभाग के सभी संवर्गों के लंबित तबादलों, बकाया पदोन्नतियों और ग्रेड पे लेवल-12 से अधिक वाले शिक्षकों के लंबे समय से अटके उपार्जित अवकाश (पीएल) के भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से रखा गया। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्षों से समाधान की राह देख रहे शिक्षकों को राहत देने के लिए सरकार और विभाग को ठोस कदम उठाने चाहिए। बैठक में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन के आयोजन को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन के जरिए शिक्षकों की समस्याओं, संगठन की भावी कार्ययोजना और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने पर सहमति बनी। साथ ही संगठन को जिला और ब्लॉक स्तर तक अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने के सुझाव दिए गए। प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने कहा कि शिक्षकों की वाजिब मांगों और लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए रेसटा निरंतर प्रयासरत है तथा हर मुद्दे को उचित मंच पर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और शिक्षकों में बेहतर समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया। बैठक में कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर विश्नोई ने संगठन के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
29.4°	12.0°

आर्द्रता

सुबह	शाम
84%	44%

विंड स्पीड

3-11KM/h

आज का सूर्यास्त

05:35PM

कल का सूर्योदय

07:09AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,26,600

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,17,090

चांदी (प्रति किलो) ₹1,55,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

श्रीगंगानगर-ऋषिकेश गाड़ी 5 दिन रहेगी रद्द

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। उत्तर रेलवे के अंबाला डिवीजन में यमुनानगर-जगाधरी रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण श्रीगंगानगर-ऋषिकेश ट्रेन (14815/14816) दिसंबर में दोनों दिशाओं में पांच-पांच दिन रद्द रहेगी। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 14815 श्रीगंगानगर-ऋषिकेश एक्सप्रेस 6, 7, 8, 10 और 13 दिसंबर वहीं गाड़ी संख्या 14816 ऋषिकेश-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 6, 7, 8, 9 और 12 दिसंबर को नहीं चलेगी। यह गाड़ी श्रीगंगानगर से लगभग सुबह 4:10-4:20 बजे रवाना होकर लगभग 11 घंटे में दोपहर 3:10 बजे ऋषिकेश पहुंचती है। रेलवे के अनुसार यात्रा से पहले लाइव ट्रेन स्थिति और अपडेट जरूर जांच लें।

पुरानी आबादी में डाली जा रही 72 किमी सीवेरज लाइन, बन रहे 5 एमएलडी एसटीपी और 10 एमएलडी के ओवरहैड टैंक, आयुक्त से हो चुकी है पूछताछ

अमृत 2.0 योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा: दूसरी पावर ऑफ अटॉर्नी से दूसरे खाते में गया 6.14 करोड़ का भुगतान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



शहर में अमृत 2.0 योजना के तहत सीवरेज नेटवर्क और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के प्रोजेक्ट में 6.14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अहमदाबाद की कंपनी के डायरेक्टर मौनेश पांड्या ने आरोप लगाया कि श्रीगंगानगर और झुंझुनूं में मिले सरकारी प्रोजेक्ट का सब-कॉन्ट्रैक्ट दिलाने के नाम पर उनकी कंपनी से निवेश करवाया गया। कंपनी ने डिजाइन, साइट डेवलपमेंट और मशीनरी सहित अन्य कामों पर करीब 6.14 करोड़ रुपए लगाए। आरोप है कि काम पूरा होने और बिल तैयार होने के बाद दूसरी पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए विभाग से भुगतान दूसरे बैंक खाते में ले लिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस मामले में स्वायत्त शासन विभाग में हुई शिकायत के बाद पिछले सप्ताह नगरपरिषद आयुक्त और निर्माण शाखा के अधिकारियों से इस प्रोजेक्ट को लेकर पूछताछ की गई थी। जानकारी मिली है जांच करने आए अधिकारियों ने आयुक्त से फर्म के साथ हुए अनुबंध और अब तक किए काम, भुगतान आदि बारे जानकारी ली। आयुक्त के कक्ष में हुई जांच के दौरान निर्माण शाखा के दो अधिकारी भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार जांच टीम ने नगरपरिषद को अपने स्तर पर क्लिन चीट भी दे दी थी।

सब-कॉन्ट्रैक्ट के नाम पर निवेश और कमीशन का खेल: कोर्ट में दी शिकायत में अहमदाबाद निवासी मौनेश पांड्या ने बताया कि वह मैसर्स सिनर्जेज सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। आरोप है कि कंपनी से जुड़े प्रकाश गोस्वामी ने उनसे संपर्क कर बताया कि श्रीगंगानगर और झुंझुनूं में सीवरेज नेटवर्क तथा एसटीपी स्थापना के बड़े प्रोजेक्ट मिले हैं, जिनका काम सब-कॉन्ट्रैक्ट के जरिए करवाया जाना है। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रोजेक्ट में काम दिलाने का भरोसा दिया गया और बाद में कॉन्ट्रैक्ट भी किया गया। शिकायत के अनुसार, डिजाइन, साइट डेवलपमेंट, मशीनरी और अन्य कार्यों पर कंपनी ने करीब 6.14 करोड़ रुपए निवेश किए। इसके अलावा प्रकाश गोस्वामी को 0.6 प्रतिशत कमीशन के रूप में 65 लाख रुपए नकद भी दिए गए। कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार भुगतान के लिए एस्क्रो अकाउंट खुलवाया गया था, जिसमें तय हुआ था कि विभाग से मिलने वाली रकम का 92.5 प्रतिशत शिकायतकर्ता की कंपनी और 7.5 प्रतिशत दूसरी कंपनी के खाते में जाएगा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कंपनी ने प्रोजेक्ट का काम पूरा कर बिल तैयार कर दिए थे। भुगतान प्रक्रिया के दौरान आरोपियों ने दूसरी पावर ऑफ अटॉर्नी का इस्तेमाल कर विभाग से भुगतान दूसरे बैंक खाते में प्राप्त कर लिया, जिससे कंपनी को करीब 6.14 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। शिकायत में यह भी कहा गया कि संबंधित प्रोजेक्ट को सबलेट करने का कानूनी अधिकार नहीं होने की बात उनसे छिपाई गई थी।

6 पक्षों को बनाया आरोपी, एसआई रामपाल को जांच: शिकायत में भरत कुमार अग्रवाल, मैसर्स दिनेश चंद्रा आर अग्रवाल इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स एनाटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों, राजकुमार गुप्ता, विनेश गोस्वामी और प्रकाश गोस्वामी सहित 6 पक्षों को आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, पहले सदर थाने और बाद में एसपी को शिकायत दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय में इस्तगासा पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सदर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है, जिसकी जांच एसआई रामपाल कर रहे हैं। जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय पर अमृत 2.0 के तहत पुरानी आबादी में 72 किलोमीटर सीवरेज लाइन, महादेव एनक्लेव एसटीपी विस्तार के तहत 5 एमएलडी का एक एसटीपी के साथ 10 एमएलडी क्षमता का ओवर हैड टैंक और गुरुनानक बस्ती एसटीपी की जगह भी करीब इतने ही एमएलडी का एक ओवर हैड टैंक बनाया जा रहा है। इस पूरे काम कर करीब 100 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं।

पर्यावरण श्रीगंगानगर की 'आशादीप' संस्था और भारतीय सेना की ऐतिहासिक पहल; अब तक सैन्य क्षेत्रों में रोपे 17,700 से अधिक पौधे

रेगिस्तान में हरियाली का नया अध्याय: महाजन फायरिंग रेंज में लगे 10 हजार पौधे, अब देश के रक्षक ही करेंगे इन नन्हें वृक्षों की हिफाजत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



तपती रेत, शुष्क हवाएं और दूर-दूर तक फैले रेतीले टीलों के बीच अब जल्द ही हरियाली की शीतल बयार बहती नजर आएगी। पर्यावरण संरक्षण के अपने संकल्प को धरातल पर साकार करते हुए श्रीगंगानगर की अग्रणी सामाजिक संस्था आशादीप और भारतीय सेना के जवानों ने एक अनूठी व प्रेरणादायी मिसाल पेश की है। बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चलाए गए एक सघन और ऐतिहासिक पौधरोपण अभियान के तहत एक ही दिन में 10,000 पौधों का रोपण कर इस मरुस्थली इलाके की आबोहवा बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

सरहद के रखवाले बने प्रकृति के प्रहरी : अक्सर देखा जाता है कि बड़े पैमाने पर पौधरोपण तो कर दिया जाता है, लेकिन उचित देखरेख और सुरक्षा के अभाव में अधिकांश पौधे दम तोड़ देते हैं। इस अभियान की सबसे प्रेरक और खास बात यह है कि यहां लगाए गए इन 10,000 नन्हे पौधों को विशाल वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी स्वयं देश की रक्षा करने वाले सेना के जवानों ने अपने कंधों पर उठाई है। रेगिस्तानी इलाके की विषम भौगोलिक परिस्थितियों और प्रचंड गर्मी की चुनौती को देखते हुए पौधों की नियमित सिंचाई के लिए सेना के जवानों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही, पानी की किसी भी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए पानी के टैंकरों की भी स्थायी और विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जो इन पौधों की निरंतर सार-संभाल और सिंचाई करेंगे।

90 प्रतिशत से अधिक रहेगी पौधों के जीवित रहने की दर : सैन्य क्षेत्रों के अनुशासित और सुरक्षित वातावरण में होने वाले इस पौधरोपण के दूरगामी और बेहद सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। बॉटनी के असिस्टेंट प्रोफेसर श्याम सुंदर शर्मा का मानना है कि महाजन जैसे शुष्क और रेतीले क्षेत्र में 10 हजार पौधों का पनपना किसी वरदान से कम नहीं है। एक पूर्ण विकसित वृक्ष हर साल औसतन 20 किलोग्राम से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड सोखता है और वातावरण को भरपूर मात्रा में प्राणवायु यानी ऑक्सीजन प्रदान करता है। जब सैन्य क्षेत्रों जैसे सुरक्षित और अनुशासित इलाकों में पौधे लगाए जाते हैं, तो उनके जीवित रहने की दर (सर्वाइवल रेट) 90 प्रतिशत से भी अधिक होती है, क्योंकि यहां मवेशियों से नुकसान या अवैध कटाई का कोई खतरा नहीं रहता। इस लिहाज से आने वाले कुछ ही वर्षों में यह पूरा क्षेत्र एक हरे-भरे वन क्षेत्र के रूप में विकसित होकर स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा।

वर्ष 2026 में 17,700 से अधिक पौधों का कीर्तिमान: आशादीप संस्था के प्रबंध निदेशक (डायरेक्टर) देवेन्द्र मित्तल ने इस हरित मिशन की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था श्रीगंगानगर के साथ-साथ बीकानेर संभाग के विभिन्न सैन्य क्षेत्रों में भी हरियाली का दायरा बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में इससे पूर्व भी संस्था द्वारा सेना के सहयोग से लालगढ़ छावनी, साधुवाली छावनी और सीमावर्ती (बॉर्डर) क्षेत्रों में 7,700 से अधिक पौधे सफलतापूर्वक लगाए जा चुके हैं। महाजन फायरिंग रेंज में रोपे गए इन 10,000 नए पौधों को मिलाकर वर्ष 2026 में सैन्य क्षेत्रों में कुल 17,700 से अधिक पौधों के रोपण का आंकड़ा पार हो गया है।

सैन्य अधिकारियों और संस्था सदस्यों ने किया श्रमदान: महाजन फायरिंग रेंज में आयोजित इस भव्य हरित अभियान के दौरान सैन्य अधिकारियों, जवानों और आशादीप संस्था के पदाधिकारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान किया और धरती को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भारतीय सेना की ओर से मेजर विवेक पांडे और जयश्री नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल स्वयं पौधरोपण किया, बल्कि जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना भी की। वहीं, आशादीप संस्था की ओर से प्रबंध निदेशक देवेन्द्र मित्तल के नेतृत्व में भगवती प्रसाद सारस्वत, संजय अग्रवाल, डॉ. कमल सिंह यादव, यश मित्तल, हिमांशु और शोभाराम सहित संस्था के अन्य सक्रिय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर प्रकृति संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। सेना और समाज के इस साझा प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और सामूहिक भागीदारी हो, तो तपते रेगिस्तान को भी नंदनवन में बदला जा सकता है।

देव दीपावली पर हुआ दीपमाला का कार्यक्रम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में कार्तिक सुदी पूर्णिमा के अवसर पर दीपमाला का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 8:15 बजे मंदिर पुजारी धर्मेंद्र मिश्रा ने श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा के पाठ श्रवण करवाए। इसके बाद मंदिर की ओर से भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्तिक मास की कथा के बाद मंदिर में हवन यज्ञ हुआ। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि कार्तिक सुदी पूर्णिमा को देव दीपावली के अवसर पर महिलाएं अपने घरों से दीपक लाकर मंदिर प्रांगण में प्रज्वलित किये। इससे मंदिर प्रांगण दीयो की रोशनी से जगमगा उठा। मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा श्याम का संकीर्तन भी किया गया। ताली संकीर्तन में शहर के प्रमुख भजन प्रवाहकों ने भजनों से बाबा श्याम को रिझाया।

यह मेरा विश्वास है कि आम तौर पर सच झूठ से बेहतर होता है। – जे.के. रोलिंग

संपादकीय

उधार की चमक और बढ़ता उपभोक्ता संकट

त्योहारी मौसम को हमेशा से बाजार की रौनक और उपभोक्ताओं की बढ़ती खरीदारी का प्रतीक माना जाता रहा है। इस दौरान कंपनियां आकर्षक छूट, बैंक ऑफर और एक्सचेंज योजनाओं के माध्यम से ग्राहकों को लुभाने का प्रयास करती हैं। लेकिन इस बार स्मार्टफोन बाजार से सामने आए आंकड़े एक अलग तस्वीर पेश करते हैं। फेस्टिव सीजन में बिके लगभग आधे स्मार्टफोन फाइनेंस के माध्यम से खरीदे गए, जबकि बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। यह स्थिति केवल बाजार की बदलती रणनीति नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं की आर्थिक क्षमता और उनकी बदलती प्राथमिकताओं पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। स्मार्टफोन की कीमतों में लगातार वृद्धि, मेमोरी और अन्य पुर्जों की बढ़ी लागत तथा सीमित छूट के कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ा। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों ने आसान मासिक किस्तों का विकल्प चुना। वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिंग कंपनियों ने भी बिना अधिक औपचारिकताओं के ऋण उपलब्ध कराकर इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। पहली नजर में यह व्यवस्था सुविधाजनक लग सकती है, लेकिन इसके दूरगामी प्रभावों पर विचार करना आवश्यक है।

सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इस बार खरीदारी में उत्साह से अधिक आवश्यकता का भाव दिखाई दिया। जिन लोगों को वास्तव में नए फोन की जरूरत थी, उन्होंने ही खरीदारी की, जबकि बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने पुराने स्मार्टफोन से ही काम चलाना बेहतर समझा। यह संकेत देता है कि बढ़ती महंगाई और घरेलू बजट पर दबाव के कारण लोग अब खर्च करने से पहले अधिक सोच-विचार कर रहे हैं। यानी बाजार में मांग तो है, लेकिन क्रयशक्ति पहले जैसी मजबूत नहीं रही। यहीं सबसे बड़ा प्रश्न भी खड़ा होता है। यदि कोई व्यक्ति मोबाइल फोन जैसी उपभोक्ता वस्तु खरीदने के लिए ऋण लेने को मजबूर है, तो क्या इसे उसकी बढ़ी हुई आर्थिक क्षमता का प्रमाण माना जा सकता है? वस्तुतः ऋण लेकर खरीदारी करना और अपनी आय के बल पर खरीदारी करना दोनों अलग-अलग स्थितियां हैं। फाइनेंस सुविधा केवल तत्काल खरीदने की क्षमता देती है, लेकिन वास्तविक भुगतान भविष्य की आय से ही होता है। इसका अर्थ है कि उपभोक्ता अपनी आने वाली आय का एक हिस्सा पहले ही खर्च कर चुका होता है।

चिंता का विषय यह भी है कि छोटी-छोटी उपभोक्ता वस्तुओं के लिए ऋण लेने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। मोबाइल फोन, घरेलू उपकरण और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान अब आसान ईएमआई पर उपलब्ध हैं। इससे तत्काल सुविधा तो मिल जाती है, लेकिन हर नई ईएमआई परिवार के मासिक बजट पर अतिरिक्त बोझ डालती है। यदि भविष्य में आय प्रभावित होती है या कोई आकस्मिक आर्थिक संकट आता है, तो यही ऋण आर्थिक तनाव का कारण बन सकते हैं। बाजार के लिए फाइनेंस एक प्रभावी साधन हो सकता है, लेकिन समाज के लिए यह तभी लाभकारी है जब उपभोग विवेकपूर्ण हो। आवश्यकता और आकर्षण के बीच संतुलन बनाए रखना आज पहले से अधिक जरूरी हो गया है। सरकार, वित्तीय संस्थानों और उपभोक्ताओं–तीनों की जिम्मेदारी है कि ऋण को सुविधा के रूप में देखें, जीवनशैली का स्थायी आधार न बनाएं। आर्थिक सुदृढ़ता का वास्तविक पैमाना बढ़ती ईएमआई नहीं, बल्कि बिना कर्ज के आवश्यक वस्तुएं खरीदने की क्षमता होती है। यदि यह अंतर समय रहते नहीं समझा गया, तो उपभोग की चमक के पीछे बढ़ता ऋण भविष्य में अनेक परिवारों के लिए आर्थिक चिंता का कारण बन सकता है।

आरबीआई ने एनबीएफसी को अलर्ट किया

सोना 30 प्रतिशत सस्ता होने से गोल्ड लोन की वैल्यू घटी : 6 महीने में बैड लोन दोगुना हुआ

नई दिल्ली। पिछले एक महीने में सोने के दाम अपने उच्चतम स्तर से करीब 30% गिर गए हैं। इससे गिरवी रखे सोने की कीमत कम होने के कारण गोल्ड लोन देने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों पर जोखिम बढ़ गया है। वहीं, पिछले 6 महीने में गोल्ड लोन का बैड लोन भी दोगुना हो गया है। इसे देखते हुए आरबीआई ने एनबीएफसी कंपनियों के सीईओएस के साथ बैठक कर उन्हें अलर्ट किया है।

कर्ज वसूलने का संकट

सोने के दाम 30% गिरने से लोगों के गिरवी रखे सोने की बाजार कीमत कम हो गई है। इससे कई पुराने लोन की बकाया रकम RBI के तय 85% के नियम से ज्यादा हो गई है। सीधे शब्दों में कहें तो, अब कई मामलों में गिरवी रखे सोने की कीमत दिए गए कर्ज से भी कम रह गई है। ऐसे में अगर कोई ग्राहक लोन नहीं चुकाता है, तो सोने को बेचकर भी कंपनियों के लिए अपना पूरा पैसा वसूलना मुश्किल हो जाएगा। देश में गोल्ड लोन लेकर समय पर किस्त न चुकाने (बैड लोन) के मामले 6 महीने में दोगुने हो गए हैं। मार्च 2026 के अंत तक कुल गोल्ड लोन में डिफॉल्ट होने वाला हिस्सा 0.16% था, जो अगस्त के अंत तक



बढ़कर 0.3% हो गया। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि लोग किस्त चुकाने में ज्यादा देरी कर रहे हैं।


लोन कंपनियों-सहकारी बैंकों के साथ आरबीआई की बैठक

आरबीआई की इस बैठक में गोल्ड लोन, होम लोन और छोटे कर्ज देने वाली 24 से ज्यादा कंपनियों के बड़े अधिकारी शामिल हुए। साथ ही इन कंपनियों के प्रमुख संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इसके अलावा, आरबीआई ने चुनिंदा शहरी सहकारी बैंकों के अधिकारियों के साथ भी अलग से बैठक कर नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा।

नए नियम से बढ़ी दिक्कत, अब हर महीने ब्याज देना होगा

जानकारों का मानना है कि गोल्ड लोन डिफॉल्ट बढ़ने की एक बड़ी वजह कर्ज चुकाने के नियमों में हुआ बदलाव है, जिसकी आदत डालने में ग्राहकों को समय लग रहा है। दरअसल,आरबीआई ने गोल्ड लोन कंपनियों से कहा है कि वे एक साल से ज्यादा के लोन पर ग्राहकों से हर महीने ब्याज वसूलें। पहले बुलेट पेमेंट का नियम था, यानी ग्राहक लोन का समय पूरा होने पर एक साथ पूरा ब्याज और मूलधन चुकाते थे। अब हर महीने किस्त भरने के नियम के कारण कई ग्राहक समय पर पैसा नहीं चुका पा रहे हैं। बैठक में आरबीआई के अधिकारियों ने एनबीएफसी कंपनियों को सलाह दी है कि वे जल्दबाजी में जरूरत से ज्यादा तेज ग्रोथ करने यानी बिना सोचे-समझे कर्ज बांटने से बचें। इसके अलावा, बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर खतरों को देखते हुए आरबीआई ने कंपनियों से कहा है कि वे किसी भी नई टेक्नोलॉजी कंपनी को अपने साथ जोड़ने से पहले उसकी अच्छी तरह जांच-पड़ताल करें, ताकि ग्राहकों का डेटा और पैसा सुरक्षित रहे।

वर्ग पहली क्रमांक 7988



AMRITA NANDANWAR Mob 09822568532

बायें से दायें:- 1) स्थानांतरण, 15) मित्र, 16) बेतुकी बात, 4) गुंजारना, अवैध, 18) समाचार, 19) 8) समतोल, 9) साहित्य-ख़ीफ़, 21) नामहीन; अज्ञात, सृजन, 10) व्यस्त, 12) 22) अपाहिज, 23) पानी का मानसिक चोट, 13) प्रथम सोता, 24) कक्ष; *कैबिन, कैबिन,* सिख गुरु, 14) जीभ, 17) 27) हत्या, 29) ईंधन दुकान, हस्तक्षेप, 20) खाने की 30) हरिदर्भ; एक सीतापुत्र. वस्तु, 21) एक फूल, 22) (उत्तरः अगले अंक में) विधानसभा का सदस्य, *पिछली पहेली का उत्तर*

आ	ने		प्र	या	स		चि	ता	
स	दे	व		का		त	ड़	प	ना
पा		ला	प	र	वा	ह		क	
स	च		रि		स्त		स	ना	ह
	प	ड़ो	स		वि	ध	म		
आ	ला		र	ज	क		क	ह	ना
त्म		ज		मा		सा	क्ष	र	
ह	ठा	ना		दा	दु	र		क	फ
त्या		ज़ा	हि	र		स	म	त	ल

ऊपर से नीचे:- 1) छींक, 2) शक्ति; परिवहन मोटर गाड़ी, 3) मृणाल, 4) यथाक्षमता, 5) समुच्चि, 6) नृत्य, 7) विविध, 11)

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 25 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1741- रूस की महारानी एलिजाबेथ ने इंपीरियल रशियन गार्डस के सहयोग से तख्ता पलट कर सेंट पीटर्सबर्ग की सत्ता पर कब्जा जमाया।
1866- इलाहाबाद उच्च न्यायालय का उद्घाटन।
1867- अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया।
1948- भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर(एनसीसी) की स्थापना।
1949- संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने संविधान सभा में ऐतिहासिक भाषण दिया।
1952- क्रिकेट से राजनीति में आये पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जन्म।
1960- भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच टेलीफोन की एसटीडी व्यवस्था का प्रयोग किया गया।
1965- फ्रांस ने अपना पहला सेटेलाइट लांच किया।
1975- सूरीनाम को हॉलैंड से स्वतंत्रता मिली।
1982- भारत की प्रसिद्ध महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का जन्म।
1998- पाकिस्तान ने अंधेरे में मार करने में सक्षम टैंक-भेदी प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
2014- कथक की मशहूर नृत्यांगना सितारा देवी का निधन।
2016- क्यूबा के राजनेता फिदेल कास्त्रो का निधन।
2018- यूरोपीय यूनियन के नेताओं ने ब्रिटेन यरोपीय संघ छोड़ने पर हामी भरी।
2019- लूई विटॉन कंपनी ने प्रसिद्ध आभूषण कंपनी टिफनी एंड कंपनी को 16 अरब अमेरिकी डॉलर में खरीदा।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 26 नवंबर (एनएनएस) वीरवार मार्गशीर्ष वदी द्वितीया को गेहूं व इसके उत्पाद, तुअर, देशी चना, काबुली चना, मूंग, मोठ, बारीक चावल, मक्की, बाजरा, जौ, जई, तिल, बिनौला, ग्वार, ग्वारगम, लोबिया, राजमा चित्रा, देशी घी, दूध पाउडर, जीरा, धनिया, छोटी इलायची, चिरौंजी, जायफल, कालीमिर्च, सौंफ, लौंग, बादाम, रुई, कपास, अजवायन, सौंठ, काजू के भावों में लाभ तथा सरसों व सोया तेल, जावित्री, अंजीर, छुहारा, बड़ी इलायची, पोस्तदाना, किशमिश, जस्ता, कॉपर, पीतल सोना-चांदी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 1-5-8-9 है। यात्रा विचार- उत्तर दिशा की ओर 1.57 बजे अपराह्न के बाद यात्रा करना लाभप्रद सिद्ध होगा।**

आज का राशिफल

25 नवम्बर बुधवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

मार्गशीष कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, नक्षत्र-रोहिणी, योग-शिव करण-कौलव, दिशाशूल - उत्तर, सूर्योदय 7.08 बजे, सूर्यास्त 5.35 बजे।

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - वृष, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध-कन्या, सूर्य-तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : आज के दिन तेज आइडिया और क्लियर बातचीत आपको काम सुलझाने, दोस्त बनाने और मौकों को पहचानने में मदद करेगी।

वृषभ : ईमानदारी से की गई बातचीत प्रॉब्लम्स को सुलझाती है। आज का दिन रोजाना के कामों को शांत और भरोसेमंद बनाए रखने में मदद करेगा।

मिथुन : आप धीरे-धीरे लेकिन पक्के तौर पर आगे बढ़ेंगे। ऐसे काम चुन सकते हैं, जो प्लान को मजबूत करते हैं।

कर्क : आज के दिन धैर्य और सोच-समझकर सोचने से आप सही फैसले ले सकते हैं। दोस्ताना सपोर्ट मिलेगा।

सिंह : आपकी एनर्जी आपको प्रोजेक्ट शुरू करने, लोगों से मिलने, तेज सोच, लगातार फोकस और ईमानदार कोशिश से छोटी-मोटी समस्याओं को सॉल्व करने में मदद करेगी।

कन्या : आज आप एनर्जेटिक और स्ट्रॉंग महसूस करेंगे। जरूरी काम करने और दिक्कतों को ठीक करने के लिए अपने कॉन्फिडेंस का इस्तेमाल करें।

तुला : क्रिएटिव विचारों को जब क्लियर तौर पर समझाया जाएगा तो सपोर्ट मिलेगा। छोटी-छोटी प्रगति का जश्न मनाएं।

वृश्चिक : क्लियर प्लान शेयर करें, सुनें, और साहसिक कदम उठाएं। छोटी जीत आपका कॉन्फिडेंस और भरोसा बढ़ाती है। विनम्र रहें।

धनु : आसान प्लान के साथ लीडर की भूमिका अदा करें। क्रेडिट साझा करें, और मददगार सलाह स्वीकार करें। महत्वपूर्ण बातचीत में जल्दबाजी से बचें।

मकर : छोटे लक्ष्यों पर ध्यान दें, ईमानदारी से बोलें, और पड़ोसी की मदद करें। वित्तीय विकल्प सावधानी से चुनने चाहिए।

कुंभ : छोटे कदम और दोस्ताना बातचीत से जल्दी रिजल्ट मिलेंगे। जब प्लान बदले तो धैर्य रखें, और दूसरों का भरोसा बनाए रखें।

मीन : छोटे-छोटे कदमों पर भरोसा रखें, दूसरों के साथ प्यार से कनेक्ट करें, और एक समय पर एक काम पूरा करें। धैर्य रखकर प्रयास करने से पॉजिटिव परिणाम मिलेंगे।

लेक्टोरल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में हुई निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के तत्वाधान में निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने शुद्ध मतदाता सूची का महत्व एवं ह्यमतदान का महत्व विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उच्च शिक्षा संस्थान स्तर पर निबंध लेखन के लिए 800-1200 शब्दों की शब्द सीमा निर्धारित की गई। निबंध प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम सैमेस्टर की छात्रा वंदना ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय तथा बी.एस.सी. सैमेस्टर प्रथम की छात्रा सुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमे कुल 30 प्रश्न पूछे गये जो निर्वाचन



आयोग द्वारा निर्धारित प्रश्नों में से लिए गए थे। प्रश्नों में मतदाता सूची निर्माण, ईवीएम एवं वीवीपैट, मतदान प्रक्रिया तथा मतगणना प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ शामिल थी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बी.ए. सैमेस्टर प्रथम की छात्रा आंचल ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय तथा वन्दना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला सिंगला ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है। युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपने मताधिकार के महत्व से परिचित कराना ऐसे आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य है। प्रतियोगिताओं का आयोजन सहायक आचार्य सीताराम की देखरेख में किया गया।

आम जनता और किसानों के हितों को मजबूती मिलेगी: सोढ़ी

श्रीगंगानगर। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सोढ़ी ने शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के संभावित गठबंधन की



चर्चाओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे एक सराहनीय कदम बताया है। सोढ़ी के अनुसार, दोनों दलों के एक साथ आने से क्षेत्रीय राजनीति में स्थिरता आएगी और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने अपने बयान में कहा कि इस गठबंधन से आम जनता और किसानों के हितों को मजबूती मिलेगी, जिससे आपसी भाईचारा और सद्भाव भी बढ़ेगा। उनके इस वक्तव्य को स्थानीय राजनीतिक हलकों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह कदम आगामी चुनावों में दोनों दलों की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

गीतांजली हॉस्पिटल में अत्याधुनिक एसबीआरटी सेवा का हुआ शुभारंभ

जयपुर। गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, जयपुर के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक एसबीआरटी (स्टेरियोटेक्टिक बॉडी रेडियोथेरेपी) सेवा का शुभारंभ किया गया। इस तकनीक से पहला सफल उपचार जोधपुर निवासी का किया गया, जो गले के कैंसर से पीड़ित थे। उपचार के बाद उनकी डी-4 कशेरुका (रीढ़) में एकल मेटास्टेसिस पाया गया था। एसबीआरटी की सुविधा के लिए मरीज विशेष रूप से जोधपुर से जयपुर स्थित गीतांजलि हॉस्पिटल पहुंचे। रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. पुनीत कुमार बागड़ी एवं उनकी टीम ने Varian TrueBeam HyperArc और HyperSight तकनीक की सहायता से मरीज को केवल 2 फ्रैक्शन में अत्यंत सटीक रेडियोथेरेपी दी। उपचार सफलतापूर्वक पूरा हुआ और मरीज ने इसे अच्छी तरह सहन किया। डॉ. पुनीत कुमार बागड़ी ने बताया कि एसबीआरटी एक अत्याधुनिक और अत्यंत सटीक रेडियोथेरेपी तकनीक है, जिसमें कैंसरग्रस्त हिस्से पर अधिक मात्रा में विकिरण दिया जाता है, जबकि आसपास के स्वस्थ अंगों



को कम से कम नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। इसका उपयोग ब्रेन, रीढ़, फेफड़े, लिवर, प्रोस्टेट और सीमित मेटास्टेटिक कैंसर के उपचार में किया जाता है। कम समय में उपचार पूरा होने और बेहतर स्थानीय नियंत्रण के कारण मरीज जल्द अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकता है। उन्होंने बताया कि गीतांजली हॉस्पिटल में एसबीआरटी सुविधा शुरू होने से जोधपुर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत रेडियोथेरेपी उपचार के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी। गीतांजली हॉस्पिटल में एसबीआरटी सेवा की शुरूआत राजस्थान में सटीक और आधुनिक कैंसर रेडियोथेरेपी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सूर्या पब्लिक स्कूल में खेल दिवस का आयोजन



सीमा सन्देश#घड़साना ।

सूर्या पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कल एक दिवसीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक बंसल, शिक्षा समिति अध्यक्ष सज्जन यादव, विद्यालय की एमडी श्रीमती रेणु दुग्गल, प्रिंसिपल ओम प्रकाश, गगन सामरा, विकास शामसुखा और जीवराज बराड़ उपस्थित रहे, जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर खेलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जूनियर, सीनियर और सब-जूनियर वर्गों (बालक एवं बालिका) के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से खो-खो, लंबी कूद, रस्साकसी, गोला फेंक, गन शूटिंग और 60 मीटर दौड़ शामिल थे। खो-खो (छात्र वर्ग)में पी.वी. सिंधु टीम विजेता रही। बालिका वर्ग में साइना नेहवाल टीम ने जीत हासिल की। लंबी कूद, रस्साकसी, गोला फेंक, गन शूटिंग और दौड़ में भी विभिन्न टीमों और प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। सभी बच्चों में जबरदस्त उत्साह और खेल भावना देखने को मिली। इस आयोजन में रुखसार बेगम एवं विजय सिंह शेखावत का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के अन्य अध्यापक का भी सहयोग रहा।

रामेश्वरम् मंदिर में मनाई देव दिवाली

श्रीगंगानगर। भारत विकास परिषद महिला प्रगति शाखा, एकता मंच महिला शक्ति एवं अग्रवामा जागृति मंच की सदस्यों ने अग्रसेन नगर स्थित रामेश्वरम् मंदिर में दीपमाला कर एवं प्रसाद वितरण कर देव दिवाली उत्सव मनाया। इस मौके पर अध्यक्ष मंजू गर्ग, सचिव कमलेश आजाद, आस्था आजाद, मीना झूंथरा, सीमा सिडाना, संतोष सिंगल, गीता कपूर, राधा भांभरी, रेनू गुप्ता, शशि बाला, रेनू शर्मा, मीनल आजाद, जनेश आदि सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित थीं। सभी ने दीपमाला प्रज्वलित करने के बाद भजन कीतर्न किया।



दंतौर सरपंच की ग्रामीण विकास को लेकर सीईओ से मुलाकात

सीमा सन्देश# दंतौर।

ग्राम पंचायत दंतौर के सरपंच रामेश्वरलाल बिश्नोई ने सोमवार को जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे से औपचारिक मुलाकात की। सरपंच बिश्नोई ने बताया कि ग्राम पंचायत दंतौर के विकास को लेकर विभिन्न विषयों को मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समक्ष रखा गया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाएं जैसे स्कूल में पर्याप्त फैकल्टी, स्वास्थ्य सेवा के लिए चिकित्सा सुविधा को



बढ़ाने, स्वच्छता अभियान को गति देकर गांव की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पेयजल जैसी समस्या के निराकरण को लेकर चर्चा की।

बच्चों को पिलाई पोलियोरोधी दवा



सीमा सन्देश # नेतेवाला।

गांव हिरणांवाली स्थित 18 एमएल अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। ग्राम पंचायत की सरपंच नीलम सुनील गांधी ने नन्हे बच्चों को अपने हाथों से दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान सरपंच गांधी ने अभिभावकों से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों व ग्रामीणों से स्वास्थ्य विभाग की टीमों का सहयोग करने और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

अकाली-भाजपा गठबंधन को नेताओं ने सराहनीय कदम बताया

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राजनीति में शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच पुनः हुए गठबंधन का सीमावर्ती क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया है। भाजपा के ख्यालीवाला संयोजक शिवप्रकाश





रिणवां व यूआइटी के पूर्व अध्यक्ष संजय महीपाल ने इस निर्णय को एक अत्यंत सराहनीय और दूरदर्शी कदम बताया है। दोनों नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों दलों का यह ऐतिहासिक गठबंधन न केवल पंजाब बल्कि पड़ोसी राज्य राजस्थान के सीमावर्ती जिलों, विशेषकर श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ की राजनीति और सामाजिक सद्भाव पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा कि अकाली दल और भाजपा का पुराना और स्वाभाविक साथ रहा है, जिसने हमेशा हिंदू-सिख एकता, भाईचारे और क्षेत्रीय विकास को मजबूती प्रदान की है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह गठबंधन पंजाब को नशा मुक्त और विकसित बनाने के साथ-साथ किसानों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में भी अहम भूमिका निभाएगा।

नोजगे स्कूल की पूर्व छात्रा ने बिहार के कृषि विश्वविद्यालय में किया टॉप

दिव्यांशी बेनीवाल को मिला यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

नोजगे पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा दिव्यांशी बेनीवाल ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर (बिहार) के पांचवें दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल के हाथों विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। वर्ष 2018-



19 में नोजगे पब्लिक स्कूल से 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद दिव्यांशी ने आईसीएआर प्रवेश परीक्षा के जरिए पूसा विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स में प्रवेश लिया। उन्होंने सभी आठ सेमेस्टर में सर्वोच्च सीजीपीए हासिल कर विश्वविद्यालय में टॉप किया। इसके पश्चात दिव्यांशी ने सीयूईटी-पीजी कृषि परीक्षा में ऑल इंडिया छठी रैंक प्राप्त की और वर्तमान में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग में स्नातकोत्तर कर रही हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर नोजगे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन सहित विद्यालय प्रबंधन व स्टाफ ने दिव्यांशी, उनके पिता मनीष बेनीवाल, माता श्रीमती मंजू बेनीवाल और परिजनों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

अजय चांडक सम्मानित



श्रीगंगानगर। गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर वार्ड नंबर 24 में स्थित गुरुद्वारा साहिब में पूर्व सभापति अजय चांडक को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने वार्ड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के दिखाए सत्य, सेवा और भाईचारे के मार्ग पर चलें।


न्यूज इन ब्रीफ

भाखड़ा मेन लाइन का पुल टूटने से नहरों में पानी घटा

सीमा सन्देश # चारणवासी। पटियाला के पास भाखड़ा मेन लाइन ब्रांच पर स्टील का पुल टूटने से क्षेत्र की नहरों में पानी की आवक प्रभावित हो गई है। इस संबंध में टोहाना के अधिशाषी अभियंता श्याम धींगड़ा ने बताया कि पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण टोहाना हेड में पानी की उपलब्धता काफी कम हो गई है। इसके अतिरिक्त फतेहाबाद ब्रांच में भी वर्तमान में आधी मात्रा में ही पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे आगे की नहरों में जल प्रवाह घटा है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया है कि आगामी एक-दो दिनों में स्थिति सामान्य होने पर राजस्थान की नहरों में निर्धारित मात्रा के अनुसार पूरा पानी उपलब्ध करवाया जा सकेगा।

सरपंच प्रीति कंवर आज करेंगी कार्यभार ग्रहण

सीमा सन्देश #रावतसर। पंचायत चुनाव के बाद अब गांवों में



नवनिर्वाचित सरपंचों व पंचों के शपथ ग्रहण समारोहों का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत 4 सीवाईएम पंचायत समिति रावतसर की नवनिर्वाचित सरपंच प्रीति कंवर बजरंग सिंह सुडा बुधवार को पदभार ग्रहण करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10:15 बजे होगा।

29 को होगा सम्मान

सीमा सन्देश # भादरा। जय दादी संभा सती सेवा संस्थान एवं वार्डवासियों की ओर से 29 नवंबर को प्रातः 11 बजे वार्ड 36 स्थित दादी संभा सती मंदिर में नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें वार्ड 36 से पार्षद निर्वाचित हुईं संस्थान अध्यक्ष गुड्डी देवी सैनी तथा अंडर-17 कॉमनवेल्थ रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित पहलवान पलक कारेला का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संजीव बेनीवाल व नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल होंगे। अध्यक्षता भाजपा नेता अशोक सैनी करेंगे।

अब 24 घंटे मिलेंगी स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं

सीमा सन्देश # भादरा। नेहरा नर्सिंग होम फाउंडेशन में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सारिका तिवारी अब 24 घंटे सेवाएं देंगी। फाउंडेशन निदेशक इकबालजीत कौर नेहरा ने बताया कि यहां गर्भावस्था जांच, सामान्य व सिजेरियन डिलीवरी, स्त्री रोगों का उपचार तथा बांझपन संबंधी परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा सभी प्रकार के अल्ट्रासाउंड भी किए जाएंगे। इस सुविधा से क्षेत्र की महिलाओं एवं गर्भवती माताओं को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं मिल सकेंगी तथा उपचार के लिए अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

रियायती यात्रा स्मार्ट कार्ड वितरित किए

सीमा सन्देश # भादरा। दिव्यांग एवं जनकल्याण सेवा समिति की ओर से मंगलवार को मुख्य बस स्टैंड पर कार्ड वितरण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष हरबंस लाल सहारण ने बताया कि शिविर में 6 दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड तथा 35 दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज रियायती यात्रा स्मार्ट कार्ड वितरित किए गए। साथ ही पात्र वंचित लोगों के नए आवेदन भी तैयार करवाए गए। सहारण ने अशक्त दिव्यांगों को अस्पताल लाने-ले जाने के लिए विशेष वाहन खरीदने की मुहिम में भामाशाहों से सहयोग की अपील की।

अगले 10 दिन शुष्क रहने की संभावना

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान में सर्दी का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 4 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि प्रदेश के अधिकांश अन्य हिस्सों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, वर्तमान में राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास दर्ज हो रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान फतेहपुर (सीकर) में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आगामी 10 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की प्रबल संभावना है।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सजे विशेष खुले दीवान, कथावाचन से गुरु महिमा का किया बखान, लगे अखंड पाठ साहिब के भोग

हनुमानगढ़ : गुरबाणी कीर्तन और 'वाहेगुरु' के जयकारों से गूंजे शहर के गुरुद्वारे

हनुमानगढ़। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 558वां प्रकाश पर्व जंक्शन एवं टाउन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए तथा क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए अरदास की गई। विशेष दीवान में रागी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन और कथा वाचन के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया। कथा वाचक दिलीप सिंह रायसिंहनगर वाले ने गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। ढाडी जत्थे ने धार्मिक प्रसंग सुनाए। सुखमणी साहिब सेवा सोसायटी की महिला सदस्यों ने गुरु नानक देव जी की चार उदासियों और मानवता के संदेश की जानकारी दी।



नोहर में धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया प्रकाश पर्व

नोहर। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व नोहर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिन तलाई साहिब गुरुद्वारा एवं कबूतर शाह गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाए गए। गुरुद्वारों में गुरबाणी पाठ, शबद-कीर्तन और अरदास के कार्यक्रम हुए। संगत ने माथा टेककर गुरु साहिब के प्रति श्रद्धा प्रकट की तथा सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को याद करते हुए श्रद्धालुओं ने नाम जपो, किरत करो



और वंड छको के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। गुरु साहिब ने समानता, प्रेम, ईमानदारी, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया। प्रकाश पर्व पर श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों की सहायता और मानव सेवा का संकल्प भी लिया।

---

11 हजार दीपों से जगमगाया सांवलिया सेठ मंदिर, दीपोत्सव में पहुंचे श्रद्धालु

देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक जयंती पर हुए आयोजन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन में भटनेर दुर्ग के नजदीक बरकत कॉलोनी स्थित श्री फाटक गौशाला के सांवलिया सेठ मंदिर में देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर भव्य दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में 11 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से सांवलिया सेठ मंदिर सहित पूरी गौशाला जगमगा उठी और परिसर में दीपावली जैसा मनमोहक दृश्य नजर आया। दीपोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धाभाव से दीप प्रज्वलित किए। हजारों दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर आलोकित हो उठा। श्रद्धालुओं ने सांवलिया सेठ के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर भगवान सांवलिया सेठ की विधिवत आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। फाटक गौशाला अध्यक्ष मुरलीधर अग्रवाल ने बताया कि देव दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गौशाला स्थित सांवलिया सेठ मंदिर में 11 हजार दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया।





गो स्वास्थ्य की कामना

आयोजन का मुख्य उद्देश्य गौशाला में सेवा प्राप्त कर रहे बीमार, दुर्घटनाग्रस्त एवं असहाय गोवंश के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करना था। दीप प्रज्वलित कर भगवान सांवलिया सेठ से गोवंश के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा कि गौसेवा सबसे पुण्यदायी कार्यों में से एक है। गोवंश की सेवा एवं संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। दीपोत्सव के इस आयोजन ने श्रद्धालुओं में भक्ति, सेवा और सामाजिक समर्पण की भावना को और मजबूत किया।

जनता ने कांग्रेस को दिया जनादेश, नोहर-पल्लू में कांग्रेस का ही बनेगा प्रधानः चाचाण

भाजपा नेताओं पर जनादेश का अपमान करने व भ्रामक बयानबाजी का आरोप लगाया, बोले-प्रधान चुनाव में कांग्रेस को बहुमत से भी अधिक वोट मिलेंगे

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत चुनाव में जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। नोहर और पल्लू पंचायत समिति में कांग्रेस का प्रधान बनेगा। भाजपा के कुछ नेता जनता के इस जनादेश को पचा नहीं पा रहे हैं और बिना तथ्यों के बयानबाजी कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। यह बात नोहर विधायक अमित चाचाण ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कही। विधायक चाचाण ने कहा कि नोहर पंचायत समिति में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद भाजपा नेता हार स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। जनता ने वोट की ताकत से भाजपा को नकार दिया है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेता जनादेश का सम्मान करने के बजाय अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने कभी भी जनता के फैसले का सम्मान नहीं किया।



बहुमत से ज्यादा वोट मिलने का दावा

अमित चाचाण ने दावा किया कि नोहर पंचायत समिति के प्रधान चुनाव में कांग्रेस को बहुमत से भी अधिक वोट मिलेंगे। जो नेता सदस्यों में तोड़फोड़ की बातें कर रहे हैं, उन्हें एक बार फिर निराशा हाथ लगेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधान पद का उम्मीदवार निर्वाचित सदस्यों की रायशुमारी के आधार पर तय किया जाएगा।

एजेंसियों के दुरुपयोग का लगाया आरोप

विधायक ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा धनबल और संवैधानिक एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के सहारे सत्ता हासिल करने का प्रयास करती रही है, लेकिन इस बार जनता ने उसकी नीतियों का जवाब वोट की चोट से दिया है। चाचाण ने कहा कि भाजपा नेता केवल बयानबाजी तक सीमित हैं, जबकि जनता अपना निर्णय सुना चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नोहर और पल्लू दोनों पंचायत समितियों में कांग्रेस का प्रधान बनेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई राह खुलेगी। विदित रहे कि नोहर पंचायत समिति के 35 ब्लॉक में कांग्रेस ने 20 सीट हासिल कर पूर्ण बहुमत हासिल किया है। इसके अलावा भाजपा को 11 एवं माकपा व निर्दलीय को दो-दो सीट मिली है।

सरपंच शंकर लाल खोड ने संभाला पदभार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रणजीतपुरा ग्राम पंचायत में मंगलवार को गुरु राघवानन्द के सानिध्य एवं आशीर्वाद के बीच नवनिर्वाचित सरपंच शंकर लाल खोड ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान गांव के विकास और युवाओं को नशे से दूर रखकर खेल गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया गया। साथ ही गांव में खेल मैदान शीघ्र तैयार करवाने का निर्णय लिया गया। सरपंच ने शिक्षा, खेल, स्वच्छता एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने तथा ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी



निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पंचों एवं अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

गोसेवा के लिए 51 हजार की सहयोग राशि भेंट

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गौवंश संरक्षण एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देते हुए बालाजी सेवा समिति, 50 आरडी रणजीतपुरा की ओर से श्री राम गो सेवा समिति, रणजीतपुरा को 51 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की गई। यह राशि गौवंश की देखभाल एवं गौसेवा के कार्यों में उपयोग की जाएगी। बालाजी सेवा समिति की इस पहल को सामाजिक सहयोग, जीवों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भावना का सराहनीय उदाहरण बताया गया। समिति का यह योगदान गौमाता के प्रति श्रद्धा और सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है।

जंडावाली में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज कल से, 40 टीमें लेंगी हिस्सा

सीमा सन्देश # जंडावाली। रयान कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन, जंडावाली में शहीद भगत सिंह क्लब की ओर से आयोजित तीसरी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 नवम्बर को सुबह 9.15 बजे होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की 40 टीमें भाग लेंगी। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में उत्साह है। प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में विधायक हनुमानगढ़ गणेश राज बंसल, नगर परिषद हनुमानगढ़ के पूर्व सभापति सुमित रणवां, रयान कॉलेज हनुमानगढ़ के डायरेक्टर कर्णवीर चौधरी तथा जंडावाली के सरपंच प्रतिनिधि सुखमन्द्र सिंह रंगारा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में प्रतिदिन 10 टीमों के मैच करवाए जाएंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 31 हजार रुपए तथा तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 5,100-5,100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं मैन ऑफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को 11 हजार रुपए दिए जाएंगे। आयोजन में रहीश जोइया, दीपा मान, गोल्डी बराड़, सिमर मान, जसवंत बराड़, काला दंदीवाल, जोत ढिल्लों, मैंडी मान, जानू जोइया, केली सिंह, नवद जोइया, अर्शदीप भुल्लर, राजा बेदी एवं बलकारण मान आदि सहयोग कर रहे हैं।

नवनिर्मित गोशाला निर्माण को लेकर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का होगा आयोजन

सीमा सन्देश# रावतसर। श्री सुंदरकांड गो ग्रास सेवा समिति, वार्ड नं. 25, रावतसर द्वारा नवनिर्मित गौशाला निर्माण हेतु आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा एवं नानी बाई के मायरे के प्रचार-प्रसार का शुभारंभ सोमवार को हुआ। गौशाला प्रांगण में पूजा-अर्चना के पश्चात श्री स्वामी राघवानंद जी महाराज (जोरावरपुरा) एवं नगरपालिका चेयरमैन नीलम सहारण ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहर के वार्डों व ग्रामीण क्षेत्रों में कथा का निमंत्रण देगा। 29 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक धान मंडी स्थित 9 बीघा ग्राउंड (श्याम मंदिर के पास) में कथा का वाचन बाल संत श्री भोलेबाबा महाराज (ऋषिकेश) एवं नानी बाई के मायरे का वाचन संत श्री विद्याधर महाराज द्वारा होगा।



29 दिस. को निकलेगी कलश यात्रा

29 दिसंबर को प्रातः 9:15 बजे गीता भवन से भव्य कलश यात्रा निकलेगी। प्रतिदिन प्रातः 5 से 6 बजे स्तुति, 6 से 7 बजे गोसेवा, दोपहर 12:15 से 4:15 बजे तक भागवत कथा एवं रात्रि 7:15 से 9:15 बजे तक मायरा होगा। 5 जनवरी को प्रातः 8:15 बजे हवन व पूर्णाहुति होगी। समिति डायरेक्टर साहिल गर्ग ने गौशाला निर्माण में तन-मन-धन से सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर राजकुमार सरावगी, राधाकृष्ण सरावगी, मंगलचंद बुकर, नरेश माहेश्वरी, श्याम मित्तल, बसंत गोल्याण, ओमप्रकाश गोयल, हरीश सिंगल, केशव भाटी, डिंटी गोयल, राजकुमार बुकलसरिया, भारत गर्ग, हनुमान जोशी, निर्मल शर्मा, कृष्ण सेवादार, संजय बिश्नोई तथा महिला मंडल से रितु गर्ग, निशा मित्तल, खवाइश गर्ग सहित गौसेवक मौजूद रहे।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व



सीमा सन्देश#रावतसर। 'सतगुरु नानक प्रकटया, मिटी धुंध जग चानन होया' के पावन संदेश के साथ मंगलवार को श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं बस उल्लास के साथ मनाया गया। वार्ड नंबर 17 स्थित श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के तहत श्री अखंड साहिब का भोग डाला गया। इसके पश्चात रागी जत्थे द्वारा गुरुवाणी एवं शब्द कीर्तन के माध्यम से साध संगत को निहाल किया गया। गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। प्रकाश पर्व को लेकर अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का गुरुद्वारा साहिब पहुंचना शुरू हो गया था। गुरुद्वारा साहिब में बड़ी संख्या में सेवादार सेवा कार्यों में जुटे हुए रहे। पूरे गुरुद्वारा परिसर में धार्मिक उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल बना हुआ है व इस मौके पर श्री गुरुद्वारा साहिब की विशेष साज सज्जा की गई इस मौके पर भारी संख्या में पहुंचकर श्री नानक जयंती कि बधाईयां दी

लंबित समस्याओं के समाधान की मांग

सीमा सन्देश # बरवाली। अखिल भारतीय प्रारंभिक शिक्षक महासंघ (आयफेटो) की राजस्थान इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राममूर्ति स्वामी के नेतृत्व में एडीईओ प्रेम दुधवाल को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने दोहरे पदस्थापन समाप्त कर रिक्त पदों पर नियुक्ति, ऑफलाइन पदस्थापन को ऑनलाइन करने, आईएफएमएस पोर्टल पर डाटा अपडेट करने तथा लंबित एसीपी-एमएसीपी प्रकरणों के निस्तारण की मांग उठाई। साथ ही वर्ष 2022 में नियुक्त शिक्षकों का



स्थाईकरण करवाने और समायोजन प्रस्ताव निदेशालय भेजने की मांग की। एडीईओ ने समस्याओं की जांच करवाकर नियमानुसार समाधान का आश्वासन दिया।

किडनी देकर पत्नी को बचाया, अब दोनों ने जीते 7 पदक

पति-पत्नी की जोड़ी ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया मान, पेश की हौसले की मिसाल



सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन। जिंदगी में मुश्किलें कितनी भी बड़ी क्यों न हों, अगर हौसला मजबूत हो तो हर चुनौती को मात दी जा सकती है। इसका प्रेरणादायक उदाहरण भादर राम और उनकी पत्नी मनोहारी देवी ने पेश किया है। पति ने अपनी पत्नी को किडनी दान कर उन्हें नया जीवन दिया और अब दोनों ने खेल के मैदान में एक साथ सात पदक जीतकर संघर्ष और सफलता की नई कहानी लिख दी है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नवंबर में आयोजित



नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट गेम्स-2026 में भादर राम और उनकी पत्नी मनोहारी देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल सात पदक अपने नाम किए। इनमें दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस राष्ट्रीय आयोजन में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव की मौजूदगी रही। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि प्रेम, त्याग, समर्पण, अनुशासन और अटूट इच्छाशक्ति की मिसाल बन गई है।

मनोहारी देवी ने बताया

मनोहारी देवी ने बताया कि उनके पति ने किडनी दान कर उन्हें नया जीवन दिया। उनका साथ और हौसला ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। यह कहानी बताती है कि सच्चा जीवनसाथी मुश्किल परिस्थितियों में न केवल जीवन बचाता है, बल्कि सपनों को भी नई उड़ान दे सकता है। भादर राम और मनोहारी देवी की यह सफलता उन लोगों के लिए प्रेरणा है, जो जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। उनकी कहानी साबित करती है कि सच्चा प्रेम, मजबूत इच्छाशक्ति और एक-दूसरे का साथ हो तो मुश्किल से मुश्किल चुनौती को भी जीत में बदला जा सकता है।

तलवाड़ा झील प्राथमिक बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड

क्रमांकः — दिनांकः 24.11.2026

विज्ञप्ति

वित्तीय अनियमितताओं के मामले में निलंबित व्यवस्थापक और सहायक व्यवस्थापक सेवा से बर्खास्त। संस्थापन कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद जारी हुए आदेश/धारा 57(2) के तहत वित्तीय वसूली की कार्यवाही रहेगी जारी

तलवाड़ा झील। तलवाड़ा झील प्राथमिक बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड प्रशासन ने कार्यप्रणाली एवं वित्तीय अनियमितताओं के प्रकरण में सख्त कार्यवाही करते हुए निलंबित व्यवस्थापक श्री सुधीर कुमार तथा निलंबित सहायक व्यवस्थापक श्री सुनील कुमार को समिति की सेवाओं से बर्खास्त कर दिया है। समिति के अध्यक्ष एवं अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दोनों कार्मिकों के विरुद्ध राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2001 की धारा 55 के अंतर्गत जाँच संपादित की गई थी। उक्त जाँच के आधार पर अधिनियम की धारा 57(1) एवं 57(2) के तहत कार्यवाही करते हुए संबंधित अनियमितताओं के लिए उनकी जिम्मेदारी निर्धारित की गई और वित्तीय वसूली का आदेश पारित किया गया। इसके साथ ही इस प्रकरण में दोनों को पृथक से आरोप पत्र जारी कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया गया। जाँच रिपोर्ट, पारित आदेश एवं आरोप पत्र से संबंधित समस्त अभिलेख संस्थापन कमेटी के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किए गए। दिनांक 20.11.2026 को आयोजित सत्यापन कमेटी की अंतिम बैठक में प्रकरण के समस्त तथ्यों एवं अभिलेखों पर विचार-विमर्श के पश्चात दोनों कार्मिकों को समिति की सेवाओं से बर्खास्त किए जाने की अनुशंसा की गई। कमेटी की अनुशंसा में निलंबित व्यवस्थापक श्री सुधीर कुमार एवं निलंबित सहायक व्यवस्थापक श्री सुनील कुमार को दिनांक 20.11.2026 से तत्काल प्रभाव से समिति की सेवाओं से बर्खास्त किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सेवा से बर्खास्तगी से उनका वित्तीय उत्तरदायित्व समाप्त नहीं होगा तथा दोनों के विरुद्ध अधिनियम की धारा 57(2) के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय उत्तरदायित्व की वसूली की कार्यवाही पृथक से जारी रहेगी।

जारीकर्ता :-
रघुवीर सिंह — **अध्यक्ष / अनुशासनिक प्राधिकारी**
तलवाड़ा झील प्राथमिक बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड

सादुलशहर में यातायात व्यवस्था : जहां चाहो पार्किंग करो वाहन..कोई रोकने-टोकने वाला नहीं

आधे-आधे घंटे तक लगता है जाम, एंबुलेंस एवं फायर बिग्रेड की सेवा भी हो जाती है ठप



सीमा सन्देश # सादुलशहर

सादुलशहर में प्रशासन की उदासीनता एवं संवेदनहीनता के साथ-साथ दुकानदारों की सामान आगे रखने की आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते यातायात व्यवस्था का बुरा हाल है। जहां चाहो पार्किंग करो, वाहन को बीच सड़क आडे-तिरछे खडा करो, कोई रोकने-टोकने वाला नहीं। इसी कारण कई-कई देर तक जाम लग जाता है। खास यह भी है कि एंबुलेंस एवं फायर बिग्रेड के वाहन भी जाम में फसकर हुटर बजाते रहते हैं। क्या मजाल की कोई अपने वाहन साइड में कर ले अथवा दुकानदार ही ग्राहकों के वाहन हटवा दें। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कौर सिंह सिधू, किसान नेता रमेश ढुकिया ने बताया कि कई व्यस्त मार्गो पर कबाड का सामान एवं रेता-बजरी डालकर आधी-आधी सडक को रोके रखते हैं। आगे वाहनों में कबाड का सामान एवं निर्माण सामग्री वाहनों में लोड करते हैं। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सबसे अधिक यातायात की दुर्दशा मैन रोड, राजीव चौक, संगरिया रोड की मिस्त्री मार्केट, श्री दुर्गा मंदिर रोड, जनरल मार्केट रोड, एसबीआई रोड, व्यापार मंडल, राजकीय उप जिला अस्पताल एवं कृषि उपज मंडी समिति के आसपास के मार्ग की है। कुछ मार्गो पर दुकानदारों ने दुकानों के आगे बरामदे बनाए, फिर टीन के शेड लगाए। अब टीन के शेड के आगे सामान रखने की प्रतिस्पर्धा कायम है। वहीं इनके आगे ग्राहकों के बाइकस एवं कार आदि खडे रहते हैं। यही नहीं राजीव चौक, पंचायत समिति सडक के कुछ दुकानदारों ने तो अपनी-अपनी दुकानों के आगे होर्डिंग्स लगा रखे हैं। वाहन चालकों को वाहनों की चिंता कम और इन होर्डिंग्स की चिंता ज्यादा सताती है कि कहीं होर्डिंग्स क्षतिग्रस्त नहीं हो जाए। बार संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता जसवंत मेघवाल, निजी कर्मचारी यूनियन के भूपराम शाक्य, गो सेवक तुलसीराम शर्मा, युवा नेता अभिषेक सहारण, धनराज राधे, अनिल बेगड, वेद पूनिया आदि ने परिवहन विभाग, नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन से संयुक्त अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था में सुधार करवाने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिले।

डॉ. मुंडे 'सिरमौर कहानीकार दलीप कौर टिवाणा राष्ट्रीय हीरा सम्मान' से सम्मानित



सीमा सन्देश # रत्तेवाला

पंजाबी साहित्य के क्षेत्र में अपनी साहित्यिक, अनुवादिक और रचनात्मक उपलब्धियों के चलते डॉ. संदीप सिंह मुंडे, प्राचार्य, गुरु हरगोबिंद साहिब कॉलेज, सी.सी. हैड को पंजाबी बोली विकास समिति, राजस्थान द्वारा दूसरे पंजाबी राष्ट्रीय हीरा सम्मान समारोह-2026 के दौरान सिरमौर कहानीकार दलीप कौर टिवाणा राष्ट्रीय हीरा सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार विशेष रूप से मौलिक कहानी-लेखन और चर्चित उपन्यास यूपीएससी वाला लवः कलेक्टर साहिबा का पंजाबी अनुवाद करने के उपलक्ष्य में भेंट किया गया है। डॉ. संदीप सिंह मुंडे पंजाबी साहित्य, भाषा और अध्यापन के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। उनकी पंजाबी साहित्य के प्रति सेवाओं में कहानी-लेखन, शोध, आलोचना, अनुवाद, संपादन और अकादमिक कार्य विशेष महत्व रखते हैं। उनका मौलिक कहानी-संग्रह 'सब्बी दीयां सधरां' वर्ष 2026 में और अनूवादित उपन्यास 'यूपीएससी वाला लवः कलेक्टर साहिबा' वर्ष 2025 में प्रकाशित हुआ है।

सादुलशहरः संतोष देवी वर्मा ने संभाला खाटसजवार सरपंच पद का कार्यभार



सीमा सन्देश # सादुलशहर

ग्राम पंचायत खाटसजवार की नवनिर्वाचित सरपंच संतोष देवी ने सोमवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्राम विकास अधिकारी दीपक अरोडा ने ग्रहण करवाया और सरपंच की कुर्सी पर बैठाया गया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत संतोष देवी ने सीमा सन्देश को बताया कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के साथ-साथ साफ सफाई, रोशनी एवं खेल क्षेत्र में विशेष फोकस रहेगा। क्षेत्र के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा से जोडने का कार्य सभी के सहयोग से किया जाएगा। इस दौरान कानाराम वर्मा, बीरबलराम यादव, रामजीलाल, गुरनाम कौर, कृष्ण मारवाल, सुभाष कटारिया, साहबराम मावर, हंसराज घोरेला, राम लाल, पूर्व सरपंच रेणु वर्मा आदि उपस्थित थे।

फरसेवाला सरपंच दलीप तेहरपुरिया का हुनतपुरा में ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



सीमा सन्देश # बींझबायला

ग्राम पंचायत फरसेवाला के नवनिर्वाचित सरपंच दलीप (बिट्टू) तेहरपुरिया का हुनतपुरा गांव में देवीलाल माहर परिवार द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में प्रिया रानी, सरोज, पवन कुमार, प्रेम पाल माहर, एसपी तेहरपुरिया सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित सरपंच को शुभकामनाएं दी।

नवनिर्वाचित सरपंच ने ग्रामीणों का जताया आभार

कीकरवाली। स्थानीय ग्राम पंचायत में नव निर्वाचित सरपंच प्रियंका रानी द्वारा अब घरों में जाकर मतदाताओं का धन्यवाद दिया जा रहा है। सरपंच पति सौरभ ने संवाददाता को बताया कि ग्रामीणों ने जो भरोसा हमारे परिवार पर जताया है उसे कायम रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। नव निर्वाचित सरपंच प्रियंका रानी का ग्रामीणों ने जगह-जगह माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान निवर्तमान सरपंच धनराज गेदर, पूर्व उप सरपंच मूलाराम घोडेला, रजिराम गेदर, रामचंद्र खुडिया, प्रेम कुमार, मनीराम बाबरिया, उप सरपंच श्रीमती प्रवीण शाह, वार्ड पंचों सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

सरपंच पूनिया ने पिलाई पोलियो रोधी दवा



सीमा सन्देश # सादुलशहर

तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत नूरपुरा में जहां स्वास्थ्य केंद्र पर सरपंच विश्वास पूनिया ने एक मासूम को जिंदगी की दो बूंद पिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की, वहीं उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि जीरो से पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो रोधी दवा पीने से वंचित नहीं रहे यह सुनिश्चित करना जरूरी है। इसी से ही पोलियो रोग से पूरे देश को मुक्ति मिलेगी। अभियान अंतर्गत कार्मिकों एवं स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा पिलाई। इस दौरान भूपेंद्र चौधरी, मदन सिंह, मंजोत सिंह, नवजोत सिंह आदि मौजूद थे।

सूरतगढ़ः सूर्या गोशाला में हुई जिला स्तरीय बैठक में जुटे 400 प्रतिनिधि

गोमाता को राष्ट्रमाता दर्जा दिलाने जयपुर कूच का आह्वान



सूरतगढ़। गौमाता के सम्मान, गौवंश संरक्षण व राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए जारी ह्यगो सम्मान आह्वान अभियानह्ल के तहत उदयपुर गोदारान स्थित श्री सूर्या गोशाला एवं गो चिकित्सालय में जिला स्तरीय बैठक हुई। श्री सूर्या गौशाला सेवा समिति व गौरक्षा दल के संयुक्त तत्वावधान और बालसंत भोले बाबा महाराज की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले की करीब 400 गौशालाओं के प्रतिनिधि, गौसेवक व गौभक्त शामिल हुए। संतों ने एक स्वर में सरकार को ज्ञापन देकर चेताने के लिए 17 दिसंबर को अधिकाधिक संख्या में जयपुर पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में अंतरराष्ट्रीय गौभक्त गोपालानंद सरस्वती महाराज, गो ऋषि संत प्रकाश दास महाराज, चंद्रमा दास महाराज, संत विद्यासागर महाराज, गो संत आकाश मुनि महाराज, शंकरानंद गिरि महाराज, संत सूर्यनाथ महाराज व किशनदास महाराज का सान्निध्य रहा। संतों ने गौ-संरक्षण को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला बताते हुए इसे जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का वास मानी जाने वाली गाय का संरक्षण और गौशालाओं की कठिनाइयों को दूर करना समाज का नैतिक दायित्व है। भोले बाबा महाराज ने कहा कि यह करोड़ों गौभक्तों की भावना से जुड़ा विषय है, जिसे संगठित प्रयास और शांतिपूर्ण तरीके से सरकार तक पहुंचाना होगा। अंत में श्री सूर्या गौशाला के अध्यक्ष व भामाशाह साहबराम चाहर ने सभी का आभार जताते हुए घोषणा की कि जयपुर कार्यक्रम के लिए समिति की ओर से बसों की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, जो गौशालाएं बसें करने में असमर्थ हैं, उन्हें भी वाहन मुहैया करवाए जाएंगे। बैठक का समापन गौ-सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

सुमित आर्य ने संभाला मन्नीवाली सरपंच पद का कार्यभार



सीमा सन्देश # सादुलशहर। ग्राम पंचायत मन्नीवाली के नवनिर्वाचित सरपंच सुमित आर्य ने मंगलवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्राम विकास अधिकारी विक्रमजीत बिश्नोई ने ग्रहण करवाया और सरपंच की कुर्सी पर बैठाया गया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सरपंच सुमित आर्य ने बताया कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के साथ-साथ साफ-सफाई, रोशनी एवं खेल क्षेत्र में विशेष फोक्स रहेगा। क्षेत्र के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा से जोडने का कार्य सभी के सहयोग से करवाया जाएगा। योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाने के प्रयास होंगे। विभाग चाहे कोई हो। गांव में संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्मिक ग्रामीणों के कार्य गांव स्तर पर ही करें, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र यादव, सुरेश सोनी सहित पंच, पूर्व पंच ग्रामीण मौजूद थे।

नवनिर्वाचित सरपंच ने कार्यभार सम्भालने के उपलक्ष्य में लगाया रक्तदान शिविर



तत्तारसर। ग्राम पंचायत तत्तारसर में मंगलवार को नवनिर्वाचित सरपंच जयपाल निठारवाल ने कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर नवकार्यकारिणी उपसरपंच हरपिन्द्र सिंह व समस्त वार्ड पंच-उषा, रानी देवी, ममता, सुमन, अलका, मनजीत माझा, लीलाधर सोनू, उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जयपाल निठारवाल ने बताया कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के साथ-साथ साफ-सफाई, रोशनी, खेल-कूद, नशा मुक्ति, पर्यावरण, योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को दिलाने का प्रयास आदि पर फोकस रहेगा। मंच संचालन रणवीर सिंह द्वारा किया गया। पदग्रहण के उपलक्ष्य में रक्तदान कार्यक्रम रखा गया, जिसमें तपोवन ब्लड बैंक को 41 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में चौ. बनवारीलाल, गोपाल टाक, सुल्तान, सुबासिंह, शिशपाल व ग्रामवासी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

चांद के दीदार के साथ सुहागिनों ने खोला टुबड़ी व्रत



श्रीकरणपुर। करवाचौथ की ही तर्ज पर पति और संतान की लंबी आयु तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर मनाया जाने वाला पारंपरिक टुबड़ी व्रत क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। दीपावली के करीब 15 दिन बाद श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के दिन टुबड़ी व्रत मनाने की परंपरा चली आ रही है। क्षेत्र की परंपरा के अनुसार करवाचौथ का व्रत रखने वाली महिलाएं टुबड़ी व्रत नहीं रखतीं, जबकि टुबड़ी व्रत रखने वाली महिलाएं करवाचौथ का व्रत नहीं रखतीं। सुबह सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण कर शुरू हुआ सुहागिनों का निर्जला व्रत देर रात चंद्र दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद पूरा हुआ। इस दौरान शहर के नेहरू पार्क और नगरपालिका पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर महिलाओं की चहल-पहल रही। दुल्हन की तरह सजी-धजी सुहागिनों ने समूह में पहुंचकर टुबड़ी माता की पूजा-अर्चना की और अपने पति व बच्चों की दीर्घायु का आशीर्वाद मांगा। टुबड़ी व्रत के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार आटे से बने दीपक गोबर की पाथियों पर प्रज्वलित कर बहते जल में प्रवाहित किए। जल किनारे पाथियों से कोठी बनाकर उसमें दीपक जलाया गया। इसके साथ ही गेहूं, बाजरे के सिट्टे, बिनोले, चने, मूली और गाजर आदि से हटड़ी सजाकर खेती पूजन की रस्म निभाई गई। मान्यता है कि टुबड़ी माता की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने से पति और संतान की आयु लंबी होती है। देर रात चंद्रमा के दर्शन होने पर सुहागिनों ने बाजरे की रोटी और पाथी में किए गए छेद के माध्यम से चांद व अपने पति का मुखड़ा देखकर चंद्रमा को अर्घ्य दिया।नगरपालिका पार्क में पूजा के लिए पहुंची किरण आहूजा, शिल्पा बिलन्दी, प्रियंका तथा नेहरू पार्क पहुंची पुष्पा मुंजाल, अंजली मुंजाल, अंकिता गाबा सहित महिलाओं ने लोक परंपरा का निर्वहन किया।

न्यूज इन ब्रीफ

तीन नंदी की मौत पर बवाल, पुलिस की पकड़ से दूर आरोपित

सीमा सन्देश# रावला मण्डी। रावला थाना क्षेत्र के 12 केएनडी के चक 3 केएनएम में तीन नंदी की मौत के मामले में कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर गो-रक्षकों और ग्रामीणों ने रावला थाने पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन राजू जाट, प्रमोद गोदारा और सुशील खिलेरी के नेतृत्व में हुआ। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की जांच में देरी पर नाराजगी जताते हुए अब तक की जांच का पूरा ब्यौरा मांगा। गो-रक्षकों ने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई और थाने के बाहर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे पुलिस उप अधीक्षक जयप्रकाश बेनीवाल ने प्रदर्शनकारियों से 30 नवंबर तक का समय मांगा। थाना प्रभारी बंलवत कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए प्रयास जारी है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि समय रहते गिरफ्तारी नहीं हुई तो आन्दोलन तेज किया जाएगा। संत समाज और किसान संगठनों ने भी आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया है।

अकाली नेता सुरजीत सिंह कंग ने इस निर्णय को एक सराहनीय कदम बताया

अकाली-भाजपा गठबंधन पर राजस्थान के नेताओं ने जताई खुशी, ऐतिहासिक बताया

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



पंजाब की राजनीति में लगभग छह वर्षों के अंतराल के बाद शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पुनः एक साथ आने से गठबंधन की पहल का राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वागत किया गया है। राजस्थान अकाली दल के प्रधान सुरजीत सिंह कंग और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष (श्रीगंगानगर) सरदूल सिंह कंग ने इस निर्णय को एक सराहनीय कदम बताया है। दोनों नेताओं ने इस गठबंधन को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस कदम से न केवल पंजाब बल्कि पड़ोसी राज्य राजस्थान के सीमावर्ती जिलों, विशेषकर श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ की राजनीति और सामाजिक सद्भाव पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

1967 से चली आ रही है दोनों दलों की साझेदारी : सुरजीत सिंह कंग और सरदूल सिंह कंग ने गठबंधन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए बताया कि दोनों दलों का साथ नया नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें 1967 के दौर से जुड़ी हुई हैं, जब भाजपा अपने पूर्ववर्ती स्वरूप जनसंघ के रूप में कार्य करती थी। नेताओं के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सरदार प्रकाश सिंह बादल और पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में यह गठबंधन आपसी विश्वास और साझा लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी ने लंबे समय तक पंजाब में भाईचारे और स्थिरता को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाई है। कंग का कहना है कि पंजाब में होने वाले इस बदलाव का असर राजस्थान के उन विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में भी देखने को मिल सकता है, जहां सिख और पंजाबी समुदाय की निर्णायक भूमिका है।

गठबंधन के संभावित लाभ और प्रभाव

दोनों नेताओं ने अपने बयान में गठबंधन से होने वाले संभावित लाभों पर भी प्रकाश डालाः सामाजिक सद्भाव और एकताः नेताओं का मानना है कि अकाली दल और भाजपा का साथ आना पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में हिंदू-सिख एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूत करेगा। राजनीतिक स्थिरता और विकासः उनके अनुसार, क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय दृष्टिकोण के समन्वय से राज्य में स्थिर सरकार और विकास कार्यों को गति मिलने की संभावना बढ़ जाती है। किसानों और सीमावर्ती क्षेत्रों के मुद्देः किसान मोर्चा से जुड़े रहे सरदूल सिंह कंग ने कहा कि दोनों दलों के साथ आने से किसानों और सीमावर्ती इलाकों की समस्याओं को केंद्र और राज्य स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा।

सादुलशहरः सरपंच घनश्याम सहारण ने कार्यभार सम्भाला



सादुलशहर। नव सृजित ग्राम पंचायत जोगीवाला में प्रथम सरपंच घनश्याम सहारण द्वारा सरपंच पद का कार्य ग्रहण किया गया चार्ज लिया गया, जिसमें ग्राम विकास अधिकारी बलतेज सिंह द्वारा विधिवत रूप से सरपंच पद पर कार्य ग्रहण करवाया गया। सरपंच पद का चार्ज पूर्व सरपंच श्रीमती छिंद्रपाल कौर भारी द्वारा दिया गया। पूर्व सरपंच द्वारा शुभकामनाएं दी गई और सरपंच घनश्याम सहारण द्वारा जोगीवाला पंचायत के ग्रामीणों को गुरु नानक देव जी के गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी व सरपंच पद पर चुनने पर धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक विकास करवाने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। इस मौके पर वार्ड पंच व ग्रामीण उपस्थित रहे। सरपंच का ग्रामीणों द्वारा माला व पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। ओमप्रकाश सहारण, राय सिंह सहारण, प्रभुदयाल सहारण प्रभुदयाल सहारण, तारा चंद, बृजलाल, मदन लाल, राधे राम और वार्ड पंच छोटी बाई,किरण, लीलूराम,जगतार सिंह, कौशल्या, बलजीत सिंह उपसरपंच अनिल कुमार मौके पर उपस्थित रहे।

गुरुनानक देव की शिक्षाओं पर जोर, संगत ने छका लंगर

चूरू। सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व मंगलवार को चूरू में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में संगत पहुंचने लगी और धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य ग्रंथी मुख्तयार सिंह ने गुरुवाणी का पाठ किया तथा गुरुनानक देव की शिक्षाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर लंगर आयोजित हुआ, जिसमें संगत ने सेवा की और श्रद्धालुओं ने पंगत में लंगर ग्रहण किया। मौके पर गुरभाग सिंह, जसविंदर सिंह, सुंदरलाल, किन्छी किनारा, वीरेंद्र कुमार, लक्ष्मण सिंह, फिकले, गितेश वर्मा, अमृतपाल सिंह, गुरमीत सिंह व बिपिन मौजूद रहे।

शोक समाचार

नंदलाल मिगलानी का स्वर्गवास



पदमपुर। सुरेश कुमार, राकेश कुमार व हरविंदर मिगलानी (सोनू) के पिता नंदलाल मिगलानी का देहांत हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में शामिल बड़ी संख्या में लोगों ने शोक संवेदनाएं प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नंदलाल मिगलानी बड़े ही मिलनसार व्यक्ति थे। उनके आकस्मिक निधन से हर वर्ग में शोक की लहर दौड़ गई।

जयपुर संभाग की चतुर्थ क्षेत्रीय एलुमनी मीट में राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली से उमड़े पूर्व विद्यार्थी

नवोदय के आंगन में यादों का मेला, पुराने यारों का हुआ मिलन

शिवशंकर सारड़ा



सूरतगढ़। कभी इसी परिसर में पढ़ाई की, दोस्तों के साथ शरारतें कीं और सुनहरे भविष्य के सपने बुने। मंगलवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सूरतगढ़ में जब नवोदय के पूर्व विद्यार्थी एक बार फिर जुटे तो पूरा परिसर यादों, आत्मीयता और उत्साह से सराबोर हो गया। नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग की ओर से ह्यसेलिब्रेशन ऑफ मेमोरीजह्ल थीम पर आयोजित चतुर्थ क्षेत्रीय एलुमनी मीट-2026 में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पूर्व विद्यार्थियों ने पुराने अनुभव साझा कर विद्यालय से जुड़ी यादें ताजा कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद नवोदय प्रार्थना के साथ समारोह की शुरूआत हुई। विद्यालय प्राचार्य रामावतार बुरडक ने अतिथियों एवं पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। जयपुर संभाग के उपायुक्त लेखराज मीणा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी आईएएस भरत प्रकाश मीणा रहे। विशिष्ट अतिथियों में जयपुर संभाग के सहायक आयुक्त अजीत, श्रीगंगानगर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरविंदर सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल जनार्दन गायकवाड़ शामिल रहे। ऊर्जा सोसाइटी अध्यक्ष संजय सैनी, शान-ए-हरियाणा सोसाइटी अध्यक्ष विकास मलिक, मानस संस्थापक पवन कुमार शर्मा सहित विभिन्न नवोदय विद्यालयों के प्राचार्य व अधिकारी भी मौजूद रहे। जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू और दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पूर्व विद्यार्थियों ने छात्रावास के दिनों, शिक्षकों के मार्गदर्शन और दोस्तों के साथ बिताए पलों को याद किया। अतिथियों ने प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने बैंड, राजस्थानी नृत्य, भांगड़ा, हरियाणवी और गुजराती नृत्य की प्रस्तुतियों से समां बांधा। अंत में उप प्राचार्य दीपक कुमार वर्मा ने आभार जताया। औपचारिक सत्र के बाद स्नेह भोज हुआ, जिसमें पुराने सहपाठियों ने मुलाकात कर यादें साझा कीं।

शोक सन्देश



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया

संतो देवी

(धर्मपत्नी शिवदत सहारण) का आकस्मिक निधन दिनांक 19 नवम्बर 2026, गुरुवार को हो गया। उनकी आत्मिक शांति हेतु **गरुड़ पुराण के पाठ** का समापन व **रस्म पगड़ी** 30 नवम्बर 2026, सोमवार को निवास स्थान **लाधुवाला** में दोपहर 12.45 बजे संपन्न होगी।

शोकाकुल : सुखबीर सहारण-संतोष, घनश्याम सहारण-मंजू (पुत्र-पुत्रवधू), संदीप सहारण-दीपिका (पौत्र-पौत्रवधू) संजीव (पौत्र), सविना-भीमसैन जी झोरड़, दिव्या-रोहिताश जी पूनिया (पौत्री-पौत्री दामाद), जावेद (पड़पौत्र), साक्षी (पड़पौत्री), कविन्सी वर्णया (पड़दोहिती) व समस्त सहारण परिवार लाधुवाला। **पीहर पक्ष :** स्व. गोविंदराम कासनिया परिवार महियांवाली।

(नोट : ओढावनी व खर्च प्रथा बंद है।) **मो. 99509-61484, 97994-82818**

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

नाम परिवर्तन

■ मेरे वर्तमान सभी दस्वावेजों में मेरा नाम संजू राम पुत्र राजू राम दर्ज है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम संजू दर्ज है। भविष्य में मेरे सभी सरकारी, गैर सरकारी, बैंकिंग, कानूनी व अन्य सभी दस्तावेजों में मुझे संजूराम पुत्र राजू राम के नाम से जाना व पहचाना जाए। संजू राम पुत्र राजूराम, आयु 42 वर्ष, निवासी- हरिजन मोहल्ला, ग्राम-नेठराना, तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ़।

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।



राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर में आयोजित वार्षिक पुष्कर ऊंट मेले में इन दिनों देशी-विदेशी पर्यटकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेला परिसर में सुबह से शाम तक रौनक बनी हुई है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे ग्रामीण, सजे-धजे ऊंट और पारंपरिक गतिविधियां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले में ऊंटों की खरीद-फरोख्त के साथ राजस्थानी लोक संस्कृति और परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। विभिन्न राज्यों और विदेशों से पहुंचे पर्यटक मेले की छटा को कैमरों में कैद कर रहे हैं। लोक संगीत, पारंपरिक वेशभूषा और ग्रामीण परिवेश मेले की सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

ग्लोबल न्यूज

वैज्ञानिकों ने बनाई 'जादुई कंघी', गंजेपन को दूर करने में कर सकती है मदद



चीनी वैज्ञानिकों ने बालों को तेजी से दोबारा उगाने और गंजेपन को दूर करने में सक्षम एक 'जादुई कंघी' बनाई है जिसके परिणाम नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। अलग-अलग ऊंचाई के इलेक्ट्रोड और दवा-लोडिंग मॉड्यूल वाली इस इलेक्ट्रॉनिक कंघी ने एंड्रोजेनेटिक एलोपेसिया से प्रभावित चूहों पर परीक्षण में बालों को उगाने की क्षमता में काफी सुधार दिखाया है।

क्या अमेरिका में घर के बाहर कपड़े सुखाने या पेंट करने पर लाखों तक फाइन लग सकता है?




भारतीय-अमेरिकी महिला सोनल चौधरी ने बताया है, अमेरिका में 2 तरह की हाउसिंग होती हैं। उन्होंने बताया, एचओए के अपने नियम-कानून होते हैं जिसमें घर के बाहर किसी भी रंग से पेंट नहीं कर सकते...कपड़े बाहर सुखाने पर चेतावनी के साथ हजारों डॉलर का फाइन लग सकता है...नॉन-एचओए में आपको ऐसे बदलाव के लिए आजादी होती है।

टाइटैनिक हादसे में जीवित बची महिला की सगाई की अंगूठी 1.82 करोड़ में हुई नीलाम



टाइटैनिक हादसे (1912) में बची लेडी डफ गॉर्डन उर्फ लूसी की दुर्लभ सगाई की अंगूठी शनिवार को विल्टशायर के 'हेनरी एल्ड्रिज ऐंड सन' नीलामीघर में 1.82 करोड़ में बिकी जिसका नाम 'टाइटैनिक अंगूठी' था। अंगूठी उनके पोते जॉन के परिवार ने नीलाम की। इसी नीलामी में जहाज का 'डे टिकट' 48 लाख और एक पोस्टकार्ड 39 लाख में बिका।

जेपी मॉर्गन का 300 साल पुराना चांदी का कटोरा नीलाम होगा



18वीं सदी में फ्रांसीसी कलाकार मेसोनियर द्वारा 1730 में बनाया गया जेपी मॉर्गन का चांदी का सूप का कटोरा 1 दिसंबर 2026 को लंदन में क्रिस्टीज नीलामीघर में बिकेगा। 20 किलो वजनी इस कटोरे की कीमत 74 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। यह अर्जेंटीना के ब्लैक्वियर-एरीटा परिवार के संग्रह का हिस्सा है।

भारत-फ्रांस का संयुक्त अंतरिक्ष मिशन तैयार, 2027 में लॉन्च होगा 'तृष्णा' सैटेलाइट



भारत के इसरो और फ्रांस की सीएनईएस मिलकर 2027 में 'तृष्णा' सैटेलाइट लॉन्च करेंगे। फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह पृथ्वी की निगरानी करने वाला उपग्रह तापमान, जल-चक्र और पर्यावरण बदलावों पर नजर रखेगा। फ्रांस, थर्मल-इंफ्रारेड उपकरण तैयार कर रहा है, जबकि भारत सैटेलाइट का मुख्य ढांचा और ऑप्टिकल सेंसर उपलब्ध करा रहा है।

हुआंग की वापसी के कुछ घंटे बाद अमेरिका ने एनवीडिया विवादित कंपनी को प्रतिबंधित



अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने सोमवार को सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड को ब्लैक लिस्ट कर दिया। अब कंपनी अमेरिकी सरकार के लाइसेंस के बिना उन्नत अमेरिकी तकनीक नहीं खरीद सकेगी। मेगास्पीड पर आरोप था कि उसने एनवीडिया के एआई चिप्स चीन भेजे थे। यह घोषणा एनवीडिया द्वारा जेनसन हुआंग को फिर से उएड बनाए जाने के कुछ घंटे बाद हुई।

सर्जन ने बताए प्लास्टिक सर्जरी से जुड़े मिथक जिसे आज भी सच मानते हैं लोग



आरजी एस्थेटिक्स के डॉक्टर रजत गुप्ता ने प्लास्टिक सर्जरी से जुड़े मिथक बताए हैं। उनके मुताबिक, सर्जरी के बाद महीनों तक बेड रेस्ट जरूरी नहीं होता, कोई भी डमेटोलॉजिस्ट/कॉस्मेटोलॉजिस्ट प्लास्टिक सर्जरी नहीं कर सकता, लिपोसक्शन वजन घटाने का नहीं बल्कि शरीर को बेहतर आकार देने की तकनीक है और महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी प्लास्टिक सर्जरी करवा सकते हैं।

वैभव सूर्यवंशी ने ऐतिहासिक दोहरा शतक जड़ भारत को दिलाई जीत

यूएई को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची टीम इंडिया

वार्ता # दोहा।

वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर इंडिया-ए ने यूएई को सात विकेट से हराकर एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

यूएई के खिलाफ वैभव ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और 16 गेंदों पर ही फिफ्टी जड़ दी। इसके बाद उन्होंने 28 गेंदों पर शतक पूरा किया, जो लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक है। वैभव ने 52 गेंदों पर दोरा शतक पूरा किया, जो लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक है।

सूर्यवंशी नेपाल और फिर पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे थे लेकिन यूएई के खिलाफ उन्होंने तबाही मचा दी। यूएई ने टीम इंडिया को जीत के लिए 250 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे भारतीय टीम ने 14.2 ओवरों में अपने नाम कर लिया और इसी के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

यूएई ने बनाए 249 रन

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की टीम ने आठ विकेट के नुकसान पर 249 रन बनाए। यूएई के लिए हरप्रीत सिंह भाटिया ने कमाल की बैटिंग की और शतक लगाया। उन्होंने 144 गेंदों पर 130 रनों की पारी खेली।

इस दौरान उनके बल्ले से 12 चौके और चार छक्के निकले। टीम इंडिया के लिए अरशद खान ने कमाल की गेंदबाजी की और चार विकेट अपने नाम किए। अरशद की कमाल की गेंदबाजी के दम पर ही भारत-ए ने यूएई को 249 रनों पर रोक दिया।



वैभव सूर्यवंशी की रिकॉर्डतोड़ पारी

250 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ शुरूआत की। वैभव ने पहले ओवर में ही अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे और तीन छक्के जड़ दिए। उन्होंने एक छोर से आक्रमण जारी रखा और 16 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। इसके बाद उन्होंने 28 गेंदों पर शतक ठोक दिया और फिर 52 गेंदों पर दोहरा शतक ठोका। वैभव इसी के साथ लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज

- वैभव सूर्यवंशी- 52 बॉल
- चाड बोव्स- 103 बॉल
- ट्रेविस हेड- 114 बॉल
- एन. जगदीसन- 114 बॉल

सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज

- वैभव सूर्यवंशी- 28 बॉल
- जेक फ्रेजर-मैक्गर्क - 29 बॉल
- एबी डीविलियर्स- 31 बॉल
- सकीबुल गनी- 32 बॉल
- ईशान किशन- 33 बॉल

एक पारी में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

- वैभव सूर्यवंशी - 28
- डार्सी शॉर्ट - 23
- बेवन जैकब्स - 21

भारत ने जीता मुकाबला

भारत के लिए वैभव अकेले ही एक छोर से लगातार रन बना रहे थे। उन्होंने चौकों-छक्कों की बरसात कर दी। सूर्यवंशी ने 53 गेंदों पर 204 रनों की पारी खेली, जिसमें 28 छक्के और सात चौके शामिल रहे। उनकी पारी की बदौलत भारत ने लक्ष्य को 14.2 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में भी जगह बना ली है।

बंगाल, केरल व छत्तीसगढ़ ने दर्ज की शानदार जीत, यूपी-असम-गोवा हारे

वार्ता # मुंबई।

मुंबई में करण लाल की 29 गेंदों में नाबाद 82 रनों की पारी की बदौलत बंगाल ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ मंगलवार को 93 रन से बड़ी जीत दर्ज की। 15-15 ओवर के इस मैच में, करण लाल और अभिषेक पोरेल (39 गेंदों में 69 रन) ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बंगाल को 201 रनों के स्कोर तक पहुँचाया। इस दौरान भुवनेश्वर कुमार, कुलदीप यादव और दिव्यांश जोशी काफी महंगे साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी की टीम कभी लय में नहीं आ सकी और 108/7 के स्कोर पर ही सिमट गई।

केरल ने असम को नौ विकेट से पीटा : मोहाली में मोहम्मद अजहरुद्दीन और रोहन कुन्नुम्मल के तेज अर्धशतकों की मदद से केरल ने असम को नौ विकेट से हरा दिया। ऑफ स्पिनर वैशाख चंद्रन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर 3 विकेट लिए, जिससे असम की टीम 165/5 के स्कोर तक ही सीमित रह गई। इसके बाद अजहरुद्दीन ने 37 गेंदों में नाबाद 93 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने कुन्नुम्मल के साथ मिलकर महज 8.1 ओवर में 123 रनों की साझेदारी की।

छत्तीसगढ़ की गोवा पर रोमांचक जीत : गोवा ने 196/6 का मजबूत स्कोर खड़ा किया, लेकिन अमनदीप खरे के 116 रनों की बदौलत छत्तीसगढ़ ने आखिरी ओवर में चार विकेट से रोमांचक जीत हासिल कर ली। गोवा की ओर से अभिनव तेजराना और ललित यादव ने अर्धशतक जड़े, जबकि छत्तीसगढ़ की ओर से अमनदीप खरे ने अकेले मोर्चा संभाला।

अंत में देव आदित्य सिंह और विजय यादव की महत्वपूर्ण पारियों ने छत्तीसगढ़ को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

राउंडग्लास हॉकी एकेडमी की लगातार चौथी जीत दर्ज की, शीर्ष पर कायम रही



वार्ता # मोहाली। पंजाब हॉकी लीग सीजन-3 के छठे दिन राउंडग्लास हॉकी एकेडमी ने लगातार चौथी जीत दर्ज कर अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। टीम ने मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज, सैफई को 8-3 से करारी शिकस्त दी। वहीं, ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉरमेंस सेंटर ने लगातार तीसरी जीत हासिल की। टूर्नामेंट के मुकाबले ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे हैं।

दिन के अंतिम मुकाबले में ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉरमेंस सेंटर ने नवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर को 3-1 से हराया। इससे पहले दिन के पहले मैच में सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर ने स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु को 4-0 से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में नामधारी क और गवर्नमेंट हॉकी अकादमी, सोनीपत के बीच निर्धारित समय तक 3-3 से बराबरी रही। शूटआउट में नामधारी क ने 5-4 से जीत हासिल कर बोनस अंक अपने नाम किया। छठे दिन के बाद राउंडग्लास चार मैचों में 12 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। घुमनहेरा राइजर्स और ओडिशा नवल टाटा के 9-9 अंक हैं। ओडिशा ने तीन मैच खेले हैं, जबकि नवल टाटा हॉकी अकादमी भी 9 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

म्हाम्ब्रे पंजाब किंग्स के बॉलिंग कोच बनेंगे

आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स अगले सीजन से अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करने जा रही है। टीम इंडिया के पूर्व बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे को टीम का नया गेंदबाजी कोच बनाया जाना तय है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व सपोर्ट स्टाफ सदस्य राजीव कुमार फील्डिंग कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। पंजाब ने पिछले महीने बॉलिंग कोच जेम्स होप्स और फील्डिंग कोच ब्रैड हैडिन से अलग होने का फैसला किया था।

प्रियांश आर्या ने टी20 का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया: मुश्ताक अली ट्रॉफी में 68 गेंद पर 181 रन बनाए, रिकॉर्ड 19 छक्के लगाए

दिल्ली के प्रियांश आर्या ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में तमिलनाडु के खिलाफ 68 गेंदों पर 181 रन की पारी खेली। यह टी20 क्रिकेट में किसी भी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। वे इस फॉर्मेट में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्कोरर भी बन गए हैं। वहीं, वह बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने एरोन फिंच का रिकॉर्ड तोड़ा। प्रियांश की इस पारी की बदौलत दिल्ली ने 20 ओवर में



5 विकेट पर 275 रन बनाए। जवाब में तमिलनाडु की टीम सभी विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। इस मैच को दिल्ली ने 116 रन से जीत लिया। प्रियांश ने अपनी पारी में 7 चौके और 19 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 266.18 रहा। उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों के सबसे बड़े स्कोर के मामले में केएल राहुल को पीछे छोड़ा। राहुल ने 2026 आईपीएल में दिल्ली की ओर से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ 152 रन बनाए थे। सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में सबसे बड़ी पारी तिलक वर्मा ने खेली है। तिलक ने 2024 में मेघालय के खिलाफ 67 गेंदों पर नाबाद 151 रन बनाए थे।

डोनाल्ड-साल्ट के तूफान से इंग्लैंड की शानदार जीत

वार्ता # करारा। एन्यूरिन डोनाल्ड व फिल साल्ट की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टी20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। मंगलवार को करारा ओवल में खेले गए मैच में इंग्लैंड ने 185 रन का लक्ष्य महज 13.1 ओवर में हासिल कर पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत शानदार रही। डोनाल्ड ने महज 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो पुरुष टी20 क्रिकेट में किसी इंग्लिश बल्लेबाज का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने 32 गेंदों में 85 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके और



6 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, फिल साल्ट ने 30 गेंदों में 58 रन की पारी खेली और 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवर में 151 रन की तूफानी साझेदारी की। टॉम बैंटन ने 7 गेंदों में नाबाद 20 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन बनाए। टीम ने शुरूआती झटकों के बाद वापसी की। निखिल चौधरी ने 35 गेंदों में 45 और जोएल डेविस ने 25 गेंदों में 39 रन बनाए। बेन ड्वारशुइस ने अंतिम ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर स्कोर 184 तक पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से सैम करन और हेनरी क्रोकॉम्ब ने दो-दो विकेट लिए। आदिल राशिद ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 26 रन देकर एक विकेट हासिल किया।



पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, बुधवार, 25 नवम्बर, 2026

राजनीतिक दलों को रोजगार के अवसर पैदा करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में यही मुद्दे होने चाहिए। - **अभिजीत दिपके**

न्यूज इन ब्रीफ

सरपंच जगजीत बराड़ ने कार्यभार संभाला

गजसिंहपुर। ग्राम पंचायत थांदेवाला 3 एफएफबी के नवनिर्वाचित सरपंच जगजीत सिंह बराड़ ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण के दौरान पंचायत भवन में ग्रामीणों, पंचों, पूर्व जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सरपंच ने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास, सफाई, पेयजल, सड़क, शिक्षा व सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपील की।

इनामी बदमाश जीतू जोगी गिरफ्तार



सरदारशहर। जिला स्पेशल टीम चूरू और सरदारशहर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में चार हत्याओं समेत 22 मामलों में वांछित तथा इनामी बदमाश जीतेंद्र उर्फ जीतू जोगी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जय महल होटल में शादी समारोह में आया था। पुलिस पहुंचते ही वह स्कॉर्पियो से भागा, लेकिन नाकाबंदी और पीछा कर न्यू मोटर मार्केट के पास सूर्या नगर में दबोच लिया गया। तलाशी में एक विदेशी और एक देशी पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस मिले तथा स्कॉर्पियो जब्त की गई। आरोपी बीदासर हत्याकांड में भी वांछित था।

नवाचार; परीक्षा केंद्रों पर लगेंगे जैमर

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी और नकलमुक्त बनाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाने का निर्णय लिया है। बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज के अनुसार, जैमर लगने से मोबाइल, ब्लूटूथ और मेटा ग्लास जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से होने वाली नकल पर रोक लगेगी। इसके परीक्षण के बाद प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया गया है। बोर्ड बायोमेट्रिक, फेस रिकॉग्निशन और डेटा मिलान जैसी सख्त तकनीकों से डमी अभ्यर्थियों और फजीवाड़े पर पहले ही प्रभावी अंकुश लगा चुका है।

अंतरराष्ट्रीय अग्रमठ सृजन महोत्सव 19 को

पंचकूला। अग्रवाल समाज की ओर से 19 दिसंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक 28 दिवसीय ह्यअंतरराष्ट्रीय अग्रमठ सृजन महोत्सवह्ल आयोजित किया जाएगा। अग्रमठ ट्रस्ट के प्रधान सुरेश गर्ग और कोषाध्यक्ष विपिन गर्ग ने बताया कि महोत्सव में 400 व्यापारिक स्टालों के साथ प्रतिदिन पूजा, लक्ष्मी यज्ञ, अग्रआरती और विभिन्न राज्यों के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्टार नाइट्स व अवार्ड शो होंगे। जनकल्याण के तहत 25 डॉक्टरों की टीम नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाएगी, जिसमें निशुल्क जांच, 500 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन, 5000 लोगों को चश्मे और 500 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित किए जाएंगे।

कार से 243 किलो गांजा बरामद

भीलवाड़ा (वार्ता) राजस्थान में भीलवाड़ा के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक कार से 243 किलो गांजा बरामद करके दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर देर रात चित्तौड़गढ़ की तरफ से गांजे की भारी खेप लेकर आ रही एक कार को जिला विशेष दल (डीएसटी) और हमीरगढ़ पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग -48 पर घेराबंदी करके पकड़ लिया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें डिक्की और पिछली सीट के नीचे भूरे रंग की टेप से लिपटे गांजे के 39 पैकेट बरामद हुए जिनमें 243 किलो 630 ग्राम गांजा था। पुलिस ने बताया कि कार में सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ 22 लाख रुपए बताई गई है।

चांदी 3.35 प्रतिशत यानी 1.435 डॉलर टूटकर 41.740 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि इसका पिछला स्तर 43.810 डॉलर था

बाजार खुलते ही सोना-चांदी हुआ क्रैश : चांदी में लगभग 5,000 रुपये तक की गिरावट

नईदिल्ली।

सोने और चांदी की कीमतों में आई तेजी महज एक दिन में ही थम गई है। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में दोनों कीमती धातुओं में भारी गिरावट दर्ज की गई। सबसे बड़ा झटका चांदी के निवेशकों को लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार (कॉमेक्स) में चांदी 3.35 प्रतिशत यानी 1.435 डॉलर टूटकर 41.740 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि इसका पिछला स्तर 43.810 डॉलर था। वहीं, कॉमेक्स गोल्ड भी 0.82 प्रतिशत यानी 29.90 डॉलर की गिरावट के साथ 3,621.50 डॉलर प्रति औंस पर



कारोबार करता दिखा, जो इससे पहले 3,676.70 डॉलर पर था।

घरेलू बाजार में सोना-चांदी के ताजा भाव : मंगलवार, 24 नवंबर को गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज सुबह के सत्र में बंद रहा। लेकिन शाम 5 बजे बाजार खुलते ही सोने और चांदी के दाम तेजी से लुढ़क गए। शुरूआती कारोबार में सोना 1,556 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 4,984 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई।

खबर लिखे जाने तक एमसीएक्स पर सोना 1,25,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था, जबकि पिछले सत्र में यह 1,25,996 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी करीब 3 प्रतिशत की गिरावट के साथ शाम 5:30 बजे तक 3,248 रुपये सस्ती होकर 1,50,969 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। कारोबारी सत्र के दौरान चांदी ने 1,49,233 रुपये का निचला स्तर भी छुआ। इससे पहले 23 नवंबर को इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट सोना 1,25,123 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,52,941 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

गिरावट के पीछे कारण?

ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव और केडिया रिसर्च एंड लर्निंग हब के एनालिस्ट नितिन केडिया के अनुसार, तुर्की के केंद्रीय बैंक के गवर्नर फातिह कराहान के एक बयान ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। उन्होंने संकेत दिया है कि विदेशी मुद्रा जुटाने के लिए बैंक ह्यगोल्ड स्वैपह्ल जैसे विकल्पों का इस्तेमाल कर सकता है। इससे बाजार में यह आशंका बढ़ गई है कि बैंक खुले बाजार में सोना बेच सकता है या इसके बदले डॉलर जुटाएगा।

आगे क्या है अनुमान?

नितिन केडिया के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के लिए 3,609 डॉलर प्रति औंस पहला बड़ा सहारा (सपोर्ट) है। यदि भाव इसके नीचे टिकते हैं, तो सोना 3,580 डॉलर तक जा सकता है, जबकि ऊपर की ओर 3,655 डॉलर पर पहली रुकावट है। वहीं, चांदी के लिए 41.50 डॉलर प्रति औंस पहला सपोर्ट स्तर है। इसके नीचे फिसलने पर चांदी में गिरावट बढ़कर 39.70 डॉलर तक पहुंच सकती है, जबकि तेजी लौटने पर 43.80 डॉलर पर पहली चुनौती होगी।

प्रकाश पर्व पर हुए धार्मिक समागम; गुरबाणी, लंगर व रक्तदान के साथ भाईचारे का सन्देश

सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

प्रथम पातशाही श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर क्षेत्र के विभिन्न गुरुद्वारों में धार्मिक समागम आयोजित किए गए। अखंड पाठ साहिब के भोग, गुरुवाणी कीर्तन, लंगर सेवा, रक्तदान और गुरमत से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से संगत ने मानवता, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा का संदेश आत्मसात किया। स्थानीय गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित मुख्य समागम में प्रबंधक कमेटी सचिव गगन सिंह के अनुसार सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके बाद सजे कथा-कीर्तन दीवान में हजूरी रागी जत्था भाई परविंदर सिंह, हेड ग्रंथी भाई सुखदीप सिंह, यूके वाले रागी जत्था भाई बूटा सिंह व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रचारक भाई अमृतपाल सिंह ने हरि जस कीर्तन व गुरुनानक देव जी के जीवन प्रसंग सुनाकर संगत को निहाल किया। प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार सरदार सुखवंत सिंह चावला ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए प्रतिदिन संचालित निःशुल्क लंगर सेवा में तन-मन-धन से सहयोग की अपील की। बच्चों व युवाओं को सिख इतिहास से जोड़ने के लिए 'सिख इतिहास नूं जाणो..' लिखित परीक्षा आयोजित हुई, जिसके प्रतिभागियों को प्रधान सुखवंत सिंह चावला परिवार की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया।

76 यूनिट रक्त संग्रहित

इस अवसर पर मैत्री ब्लड बैंक व श्री ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 76 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। व्यवस्थाओं में प्रबंधक कमेटी उपाध्यक्ष स. प्रीतम सिंह गिल, सुरजीत सिंह सग्गू, जसवीर सिंह, जगदीश सिंह गिल, पुरुषोत्तम सिंह, महेंद्र सिंह, काला सिंह, देवेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, जगदीप सिंह, अमरिंदर सिंह कलसी, बबलू सिंह, भूपेंद्र मिशन, रजनीश चावला, जसविंदर सिंह, गुंजन सिंह, अर्शप्रीत, जनप्रीत सिंह, अमरिंदर सिंह कोहली, मानवजोत सिंह सहित अन्य सेवादारों का सहयोग रहा।

दरबार में सजा कीर्तन दीवान

उधर, गुरुद्वारा श्री नानक दरबार में मुख्य सेवादार हरनेक सिंह गिल की अगुवाई में अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद कीर्तन दरबार सजा। इसमें अमृतसर से पहुंचे कविश्री जत्थे की संदीप कौर संधू व सिमरनजीत कौर संधू ने गुरुवाणी कीर्तन प्रस्तुत किया। गिल ने बच्चों को नशे से दूर रहकर अच्छे संस्कार अपनाने का संदेश दिया, जिसके बाद अटूट लंगर बरताया गया। इसके अलावा पुराना बाजार स्थित अरोड़वंश गुरुद्वारा के कार्यक्रम के बाद अरोड़वंश भवन में लंगर लगा तथा गुरुद्वारा तेग बहादुर में भी दिनभर संगत की चहल-पहल रही।



सेवादारों का हुआ सम्मान, शोभायात्रा का फूल बरसाकर किया गया अभिनंदन



श्रीकरणपुर। श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति द्वारा श्रीगुरू नानक देव जी का 557 वां प्रकाशोत्सव पूर्ण श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर 10 नवंबर से 23 नवंबर तक रोजाना प्रभातफेरियों का आयोजन किया गया व आज प्रातः 9 बजे लड़ीवार चल रहे 11 श्री अखंडपाठ के भोग डाले गए। उसके उपरांत दीवान सजाया गया जिसमें पंजगराहीं कलां के बाबा निरभय सिंह, हरारायपुर के भाई तरसेम सिंह व रामा मंडी के भाई गरीब सिंह ने कथा कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों द्वारा सीमा संदेश सहयोगी डॉ. रणवीर सिंह सहित अन्य सहयोगियों एवं सेवादारों को सिरोपा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। गुरु का अटूट लंगर व जलेबियों का वितरण किया गया। दोपहर बाद ढाई बजे से नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई। परूथी बंधुओं के नए ट्रेक्टर ट्राली पर पुष्प मालाओं से सजाई गई पालकी साहब में बिराजमान श्रीगुरू ग्रंथ साहिब जी का जगह-जगह फूल बरसाकर शहरवासी संगतों की ओर से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल संगतों को सर्व प्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. नीरज अरोड़ा के आवास पर चाय व मिष्ठान का वितरण किया गया। अशोक कुमार बिलंदी, बाबू राम रस्सेवट, ओमप्रकाश पाहवा, रघुनाथ मंदिर, गुरुद्वारा सिंह सभा, नानक दरबार में भी शोभायात्रा में शामिल संगतों में प्रसाद, चाय-मिष्ठान आदि का वितरण किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा व नानक दरबार में भी गुरु नानक प्रकाशोत्सव पर पाठ भोग उपरांत कीर्तन दरबार सजाया गया। इसके बाद प्रसाद, दूध-चाय का वितरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुरुपर्व मनाया गया।

भव्य नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा से किया स्वागत



सीमा सन्देश # पदमपुर। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा अरोड़वंश से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। पंज प्यारों की अगुवाई और फूलों से सजी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी का श्रद्धालुओं ने 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' व वाहेगुरु नाम जाप के जयकारों के साथ जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। अनारकली बाजार में पेस्टिसाइड यूनियन अध्यक्ष तरुण बलाना, प्रतिष्ठित व्यापारी देवराज नागपाल, भूषण बलाना और राजकुमार बलाना (पोखी) सहित सेवादारों ने संगत के लिए जलपान की व्यवस्था की। सेवादारों ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश झुकाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की अरदास की तथा नगरवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं।

मण्डी 365 हैड में श्रद्धा भाव से मनाया पर्व

मण्डी 365 हैड। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां पावन प्रकाश पर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मण्डी 365 हैड में श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। प्रधान सुखदेव सिंह विरदी ने बताया कि इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को फूलों व रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री अखंड पाठ साहिब के भोग से हुई। इसके बाद विशेष दीवान में मधुर गुरबाणी कीर्तन व गुरु इतिहास से संगत को निहाल किया गया तथा गुरु जी के ह्यकिरत करो, नाम जपो और वंड छकोह्ल के संदेश पर चलने का आह्वान किया। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर सुख-शांति की अरदास की। समापन पर अटूट लंगर बरताया गया। आयोजन में बलजिंदर सिंह भाईके, बलदेव सिंह राय, हरप्रीत सिंह बिडग, इकबाल सिंह बराड़, कुलदीप सिंह बिडग, बोवी विरदी, सोनू विरदी, महेंद्र सिंह राय व समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

प्रकाश पर्व पर लगाया लंगर

पदमपुर। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर पालिका परिसर में लंगर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में संगत ने पंगत में बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण किया तथा सत्संग का आनंद लिया। गुरुद्वारा अरोड़वंश की ओर से आयोजित इस सेवा में बड़ी संख्या में सेवादारों ने निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दीं। सेवादारों ने संगत को पंगत में बैठाकर लंगर वितरित किया तथा समानता और सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर गुरु नानक देव जी की कीरत करों और वंड छको की शिक्षाओं को याद करते हुए मानव सेवा एवं आपसी भाईचारे का महत्व बताया गया।

प्रकाश पर्व उल्लास से मनाया

रत्तेवाला। स्थानीय गुरुद्वारा सिंघ सभा में श्रीगुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सुबह से गुरुद्वारा में ग्राम के श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया। सुन्दर सजे दरबार साहिब में माथा टेक कर लोगों ने अपने व इलाके की खुशाहली की भी कामना की। श्याम को गुरुद्वारा साहिब व घरों में दीपक जलाए गये। स्थानीय पाठी सोनू बाबा ने गुरुवाणी का उच्चारण किया ओर अटूट लंगर का वितरण किया। गुरुद्वारा प्रधान कुलविंदर सिंह ने लंगर बनाने व वितरण करने वाले सभी सेवादारों का आभार व्यक्त किया।

39 एलएनपी में मनाया प्रकाश पर्व

बीझबायला। 39 एलएनपी स्थित गुरु नानक दरबार में श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सुबह 5 बजे गांव की गलियों से प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें गुरु महिमा का बखान किया गया व शब्द-कीर्तन गाए गए। इसके बाद तीन दिवसीय अखंड पाठ हुआ। गुरु नानक जयंती पर गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन और लंगर लगाया गया। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के साथ 34 एलएनपी के नवनिर्वाचित सरपंच के पति एवं बीझबायला ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम झटवाल भी संगत के साथ उपस्थित रहे।

हनुमानगढ़; जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख आज चुने जाएंगे

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

जिला प्रमुख एवं उप जिला प्रमुख के निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसके तहत जिला प्रमुख का निर्वाचन 25 नवम्बर तथा उप जिला प्रमुख का निर्वाचन 26 नवम्बर को होगा। दोनों पदों के लिए संबंधित निर्वाचित सदस्यों की बैठक जिला परिषद, हनुमानगढ़ के मीटिंग सभागार में आयोजित की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी (कलक्टर) जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र हनुमानगढ़ डॉ. खुशाल यादव की ओर से जारी बैठक नोटिस के अनुसार दोनों दिन बैठक पूर्वाह्न 10 बजे आयोजित होगी। अभ्यर्थी पूर्वाह्न 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। राजनैतिक दल से नाम निर्देशन दायर करने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित पार्टी की ओर से जारी प्रारूप क और प्रारूप ख नाम निर्देशन पत्र वापिस लिए जाने के निर्धारित समय तक रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। इसके बाद पूर्वाह्न 11.30 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने का समय अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। आवश्यकता होने पर अपराह्न 3 बजे के तुरंत बाद 5 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। मतदान समाप्त होने के पश्चात मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी।

ससुराल गई जज के घर 22 लाख की चोरी, महिला होमगार्ड गिरफ्तार

13 दिन की जांच के बाद चोरी के आरोप में गिरफ्तार

झुंझुनूं।

नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स कोर्ट मजिस्ट्रेट पूजा सिंह के घर चोरी के केस में पुलिस ने महिला होमगार्ड को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चोरी 10 नवंबर को न्यू हाउसिंग बोर्ड में पूजा सिंह के बंद सरकारी क्वार्टर में हुई थी। सिंह के पिता 11 नवंबर को घर पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद मजिस्ट्रेट के पति डॉ संजीव ने करीब 22 लाख की ज्वेलरी और कैश की चोरी का मामला दर्ज कराया था। करीब 13 दिन की जांच के बाद चोरी के आरोप में महिला होमगार्ड भंवरी को गिरफ्तार किया है। डीएसटी इंचार्ज हेमराज ने बताया कि मजिस्ट्रेट के पिता 11 नवंबर की सुबह जज के घर गए थे। पिता तेज सिंह जब सरकारी क्वार्टर पहुंचे तो मुख्य गेट , क्वार्टर का दरवाजा भी खुला मिला। जांच में सामने आया कि घर के दूसरे सामान को भी हाथ नहीं लगाया गया था। केवल अलमारी से जेवर गायब थे। इन परिस्थितियों में पुलिस को आशंका हुई कि वारदात में किसी ऐसे व्यक्ति का हाथ हो सकता है, जिसे सरकारी क्वार्टर की जानकारी हो और वहां तक पहुंचने का अवसर मिलता हो। इसलिए शक शुरू से ही मजिस्ट्रेट के क्वार्टर पर पोस्टेड होमगार्ड भंवरी पर था।

अश्व मेले में आज सर्किल स्टाइल कबड्डी का मुकाबला



श्रीगंगानगर। युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने तथा उन्हें खेलों और पारंपरिक अश्व पालन के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से 25 नवंबर को श्रीगंगानगर अश्व मेले में सर्किल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजक व समिति के अध्यक्ष हरजीत सिंह बराड़ ने बताया कि जिला कबड्डी संघ, हनुमानगढ़ और महाराणा प्रताप अश्व पालक समिति की इस संयुक्त पहल के तहत मुकाबले सुबह 10:00 बजे अश्व मेला प्रांगण, श्रीगंगानगर में शुरू होंगे। प्रतियोगिता में राजस्थान पंचायतवार नियम लागू रहेगा, जिसके तहत 3 खिलाड़ी बाहर से, दो राजस्थान के और एक खिलाड़ी पंजाब का शामिल हो सकेगा। विजेताओं को आकर्षित करने के लिए प्रथम पुरस्कार ?31,000/- और द्वितीय पुरस्कार ?21,000/- रखा गया है, जबकि बेस्ट रेडर और बेस्ट स्टॉपर को ?4,100-?4,100/- का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति ने खेल प्रेमियों, युवाओं और क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

धर्म | पांच दिवसीय हनुमत भक्ति महोत्सव के तहत होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

501 हनुमत प्रेमियों की स्वर लहरियों से गूंजेगा सुंदरकांड महापाठ

पीलीबंगा।

राम नाम की महिमा के प्रचार-प्रसार और नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में श्री सुंदरकांड मित्र मंडल की ओर से 16वें श्री सुंदरकांड महापाठ का आयोजन किया जाएगा। सिद्धपीठ श्री डिग्गी वाले बाबा हनुमान धाम में 30 दिसंबर को होने वाले इस मुख्य आयोजन के तहत पांच दिवसीय हनुमत भक्ति महोत्सव मनाया जाएगा।

प्रचार-प्रसार अभियान के अनावरण अवसर पर मंडल सदस्य अरुण जोशी एवं मोनू गोयल ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 27 एवं 28 दिसंबर को श्री सुंदरकांड अखंड पाठ होगा। इसके पश्चात 28 दिसंबर को दोपहर वार्ड 31 स्थित प्राचीन श्री गौशाला सेवा समिति परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और गौवंश को सवामणी का भोग अर्पित किया जाएगा। वहीं, पंकज



खंडेलवाल ने जानकारी दी कि 29 दिसंबर को सुबह 9:15 बजे हनुमान धाम परिसर में सर्वमंगलकारी श्री हनुमान महायज्ञ आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालु सुंदरकांड के श्लोकों के साथ आहुतियां देंगे।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण

30 दिसंबर को दोपहर 1:15 बजे होने वाला संगीतमय सुंदरकांड महापाठ रहेगा। इसमें प्रसिद्ध पाठ वाचक श्री अजय याज्ञनिक के सान्निध्य में 501 हनुमत प्रेमी एक साथ पाठ करेंगे, जिससे पूरा शहर भक्तिमय हो उठेगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में मनमोहन खंडेलवाल, सुरेंद्र ग्रोवर, दिनेश जैन, सुभाष वर्मा, केसी अग्रवाल, रमेश पारीक, कुंदनलाल, डॉ. बजरंग शर्मा, पवन जोशी, रजत सिहाग, रजत गिरधर, सुनील कुमार, प्रदीप शर्मा, पिंटू जैन, उदय सिंह, हेमंत गर्ग, सुमित जैन, संजय डाबला व मोहनलाल भवनिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528